तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 14 जनवरी 2025

11 पूर्वजों से विरासत में मिला छेरछेरा पर्व दान और धर्म का पढ़ात है पाठ



11 पटेल समाज ने मनाई शाकंभरी जयंती





# किसानों ने लगाया भारतमाला में ब्रेक, बैनर लगाकर लिखा पहले मुआवजा फिर काम

## मुआवजा गणना में लापरवाही का लगाया आरोप, शासन-प्रशासन होश में आओ जैसे बैनर लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

किसानों की शिकायत का सामाधान किए बगैर भारतमाला परियोजना का काम शुरू करना राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के लिए सिरदर्द बन गया है। किसानों ने जिला प्रशासन पर गलत मुआवजा गणना का आरोप लगाया है। मुआवजा राशि जारी किए बगैर किसानों की जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। भूमि अधिग्रहण किए जाने के बाद किसानों को प्रशासन द्वारा न तो सुनवाई की जा रही है और न किसी भी तरह का दस्तावेज उन्हें उपलब्ध कराया गया हैं। इससे गुस्साए किसानों ने सोमवार को उमरपोटी गांव से होकर जा रहे सडक निर्माण कार्य बंद करा दिया। इससे पहले अरसनारा में भी आंदोलन कर चुके हैं। वही नवंबर माह में हिन्दी भवन के सामने प्रदर्शन कर चुके। उमरपोटी के किसानों ने मौके पर बैनर लगाकर पीडित किसानों का नाम भी चस्पा कर दिया है और साफ लिखा है कि, जब तक उन्हें नियम के अनुसार मुआवजा नहीं दिया जाएगा तब तक यहां काम शुरू नहीं होगा। किसानों के आक्रोश को देख उमरपोटी के साइड इंचार्ज का काम बंद करना पड़ गया हैं। लेकिन यहां अब तक प्रशासन के इस भी नुमांइदे नही पहुंचे हैं। भारतमाला परियोजना के तहत दुर्ग जिले में करीब 12 गाँव के किसान और भू-स्वामी प्रभावित हैं। इनकी जमीन 2018 से अधिग्रहित कर ली गई है। आज 6 वर्ष हो गए इन्हें मुआवजा नहीं मिला है। इनका आरोप है कि, मुआवजे की गणना गलत की गई है। अवार्ड विवरण में भी बहुत सी विसंगतियां है। प्रदर्शन में शिव चन्द्राकर, महेन्द्र चोपड़ा, सुरेन्द्र साहू, अखिलेख साहू, विक्रम सुर, रौता रानी राय, प्रमोद रात्रे, संजीत सिंह, चन्दन, सुलक्षणा कोसरे, महेश चन्द्राकर, बाल मुकुन्द तिवारी, प्रियंका यादव, मीना पाण्डेय, नूतन दूबे, कुसुमलता साहू सौमा देवी, भुनेश्वर प्रसाद द्विवेदी, परमजीत उप्पल, संदीप सिंह, एम प्रीति, नीलम यादव, सुनीता तिवारी, मनोज कुमार मौर्य के अलावा बड़ी संख्या में पीड़ित भू-स्वामी उपस्थित हुए।

### छोटी जमीन का भी किया गया हेक्टेयर में मूल्यांकन

मुआवजा गणना में सबसे बडी खामी यह है कि, छोटे जमीन यानि पांच सौ वर्ग मीटर से कम की जमीन का मूल्यांकन इस्क्वेयर फीट में करना है। लेकिन राजस्व अधिकारियों ने इसकी गणना हेक्टेयर से कर दिया है। जिसके चलते किसानों को 75 फीसदी से ज्यादा नुकसान हो रहा हैं। दुर्ग जिले में जिन भू-स्वामियों की जमीन परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई है, उन्हें मुआवजा हेक्टेयर में दी जा रही है। जबकि केन्द्र शासन द्वारा ही यह नियम निर्धारित की गई है। इसका जिला प्रशासन द्वारा अनेदखी की गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा केन्द्र सरकार के नियमों का खुले आम उल्लघन किया जा रहा है। धनोरा के शिव चंन्द्राकर का कहना है कि वे छोटा सा व्यवसाय करते हैं। मुआवजा नहीं मिलने से नाराज 120 भू-स्वामियों के जमीन पर आपत्ति लगाई है।



### सरकारी दर से भी कम भुगतान

किसानों ने बताया कि सरकारी दर से कम का भुगतान किया जा रहा है। जानकी साहू हनौदा पटवारी हल्का नंबर 39 आरआई सर्किल अंडा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2017 को 278.81 मीटर की जगह सरकारी दर पर 6 लाख 91 हजार 500 सौ रुपए में खरीदा था, जिसकी बयनामा लिखित दस्तावेज हैं। इसके एवज में उन्हें तीन लाख 40278 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। जिसे दिया भी नहीं गया। किसानों की शिकायत पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विधानसभा में मामला उठाया था। उन्होंने भी स्क्वेयर फीट के जगह छोटे जमीन को हेक्टेयर में मुआवजा देने पर आपत्ति लगाई थी। विस में मामला लगने के छः माह के अंदर निराकरण जरूरी होता है। लेकिन प्रशासन द्वारा जानकारी उपलब्ध नही कराई जा रही हैं। इससे पहले पीडित किसानों ने संभागायुक्त एसएन राठौर से भी गुहार लगा चुके हैं।

### कॉरिडोर प्रोजेक्ट को इस तरह समझें

सिक्सलेन इकानोमिक कॉरिडोर करीब 92 किमी तक बनेगी। दुर्ग व पाटन के बीच करीब 45 किमी का दायरा आएगा। इसकी लागत 2289 करोड रूपए के करीब है। बहरहाल हाईवे द्वारा थनौद, पीसेगांव, धनोरा, बोरीगरका, कोलिहारी के इलाको से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। दुर्ग अंजोरा बाईपास से रायपुर आरंग तक केन्द्र के नेशनल हाईवे द्वारा सिक्सलेन कारीडोर बनाने प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा। जिसके तहत राजनांदगांव के टेडेसरा, देवादा से प्रोजेक्ट की शुरूआत होगी, जो रायपुर के आरंग में जाकर समाप्त होगी।

## खबर संक्षेप

### बीच बचाव करने आए युवक पर हमला

**भिलाई।** जसगीत कार्यक्रम में दो पक्षों में जमकर मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि रविवार की रात खमरिया में जसगीत का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई। गोविंद नामक युवक के सिर पर लोहे से वार कर घायल किया। जिससे युवक जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने सूचना स्मृति नगर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोविंद को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायल गोविंद ने पुलिस को बताया कि दो गुटों में मारपीट हो रही थी। मारपीट को देख बीच बचाव करने गोविंद पहुंचा था, लेकिन दूसरे पक्ष के युवकों ने उसे ही मारना शुरू कर दिया। एक युवक ने गोविंद के सिर पर जमकर वार कर फरार हो गया। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद चार युवकों पर कार्रवाई की गई है।

### महिला ने लगाई फांसी

**भिलाई।** महिला ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि सोमवार को उम्दा बाजार चौक निवासी मंजीता कुमारी ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति दीपक ने पुलिस को बताया कि वो बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के कमरथू में रहता है। डेढ़ महीने पहले ही अपनी पत्नी मंजीता के साथ भिलाई तीन उम्दा रहने आया था। पति हथखोज स्थित मयूरा कंपनी में काम कर रहा था। पत्नी उसके साढू से आए दिन बात करती थी, जबकि पति से साढू से दुश्मनी है। इसी बात को लेकर पत्नी मंजीता को मना किया था। बावजूद साढू से लगातार बात करती रही। इसे लेकर पति पत्नी में बहस हुआ और रविवार रात में दोनों ने खाना खाकर कमरे में सोने चले गए। देर रात डेढ़ बजे जब दीपक की बेटी रोई तो उसने उठकर उसे चुप कराया और देखा कि उसकी पत्नी खिड़की के सहारे गमछे से फंदा बनाकर फांसी पर झूल रही है। पति दीपक ने तुंरत मकान मालिक को मनहरण यादव और अन्य लोगों को बुलाया। डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अपराध : भिलाई-3 पुलिस को मिली बड़ी सफलता, खुलेंगे कई राज

# प्रोफेसर पर प्राणघातक हमले के मामले में मास्टर माइंड सहित दो आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शहर के बहुचर्चित प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हुए प्राणघातक हमले मामले में फरार मास्टर माइंड समेत तीन आरोपियों को भिलाई तीन स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुमारी अमित जायसवाल के न्यायालय में पेश किया गया है। तीनों आरोपी प्रोबीर शर्मा, धीरज वस्त्राकार और रेलवे कर्मी पवन कुमार को एक दिन की जुडिशल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

पुलिस 14 जनवरी को पुनः एक बार प्रवीण शर्मा, धीरज वस्त्रकार को जेल से लाकर न्यायालय में पेश कर पुनः रिमांड की मांग करेगी। फिलहाल मामले में एक अन्य फरार इनामी आरोपी शिवम मिश्रा पुलिस पकड़ के बाहर है। इसके पूर्व सोमवार को निरीक्षक कपिल देव पांडेय, महिला निरीक्षक श्रद्धा पाठक प्रोबीर शर्मा की पत्नी डॉ प्रीति शर्मा को लेकर भिलाई तीन स्थित विठ्ठल पुरम निवास पर दबिश दी। जहां से पुलिस ने डॉ प्रीति शर्मा का एक आईफोन जप्त किया है। खबर है कि पुलिस ने डॉ प्रीति शर्मा के दो मोबाइल फोन को अपने कब्जे में लेकर जांच कर रही है। खबर है कि महिला डॉ प्रीति शर्मा को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। पुलिस ने महिला डॉ को दिशा निर्देश देकर पूछताछ में बुलाने पर उपस्थित होने की सलाह दी गई है। गौरतलब हो कि छःमाह पूर्व शासकीय खुबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई तीन के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर 6 युवकों ने प्राणघातक हमला कर फरार हो गए थे। जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में दाखिल किया गया था। शिकायत के बाद पुलिस ने एमपी से तीन युवकों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। इसके बाद फरार प्रोबीर शर्मा, धीरज वस्त्राकार, शुभम मिश्रा की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही थी। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस की टीम काकीनाडा पहुंची थी। जहां से प्रोबीर, पत्नी डॉ प्रीति शर्मा, धीरज, रेलवे कर्मी पवन कुमार को पकड़कर लाई। जहां से प्रोबीर, धीरज को एक दिन के लिए जेल भेज दिया गया है।





भिलाई-3 स्थित न्यायालय में प्राणघातक हमले के तीन आरोपियों को पेश किया गया।

### 8 घंटे तक होती रही पूछताछ

प्रोबीर और धीरज से पुलिस ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ किया है। इसमें हमले की कई अहम जानकारी पुलिस को दिया है। फिलहाल पुलिस फ्रार आरोपी शिवम मिश्रा के पकड़े जाने के बाद ही बड़ा खुलासा कर सकती है। पुलिस सारे कड़ियों को जोड़ने का प्रयास कर रही है। प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हमला करने के पीछे का कारण? किसके कहने पर हमला हुआ? समेत कई सारी जानकारियां आरोपियों से ली गई है। इससे जुड़े कई आरोपियों पर पुलिस की तलवार लटक रही है। हमला में आरोपियों को सहयोग करने वाले पुलिस कर्मियों पर भी गाज गिरने वाली है। प्रोबीर से पूछताछ में कई चौकाने वाले जानकारी भी पुलिस को बताई है।

### आरोपी की पत्नी के मोबाइल ट्रेसिंग से पकड़ाए

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस की टीम को आरोपी प्रोबीर शर्मा की पत्नी डॉ प्रीति शर्मा के बारे में जानकारी हुई कि वह आंध्रप्रदेश के काकीनाडा जाने के लिए निकल रही है। उसके मोबाइल को पुलिस लगातार ट्रेस करती रही। एक दिन पहले ही पुलिस की टीम काकीनाडा के लिए रवाना हो गई। जैसे पुलिस को प्रोबीर के बारे में जानकारी मिली दबिश देकर पकड़ा गया। जहां पर रेलवे रेलवे कर्मी पवन कुमार, प्रीति शर्मा को छिपाने के आरोप में पकड़ा गया। वहीं प्रोबीर शर्मा, धीरज को गिरफ्तार कर लाया गया।पुलिस रिमाण्ड में लेने के बाद ही पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर पाएगी। फिलहाल इस बहुचर्चित प्रोफेसर विनोद शर्मा हमले में आने वाले दिनों में कई बड़े खुलासे हो सकते है। भिलाई तीन पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### आरोपियों को न्यायालय में किया गया पेश



भिलाई-3 कॉलेज के प्रोफेसर पर प्राणघातक हमले के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस टीम की बड़ी सफलता है। मामले में जांच जारी है। इस मामले में कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा।

**जितेन्द्र शुक्ला,** एसपी दुर्ग

## खुर्सीपार, मोहन नगर, वैशाली नगर क्षेत्र की घटना

# अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत दो युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला और दो युवकों की मौत हो गई है। घटना खुर्सीपार, मोहन नगर, और वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि रविवार आधीरात लगभग साढ़े 11 बजे की है। मरोदा सेक्टर स्थित इंदिरा चौक निवासी नीलेश अग्रवाल ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में नौकरी करता है। अपनी पत्नी भिलाई तीन निवासी खिलेश्वरी उर्फ छोटी को अपनी बाइक सीजी 07 एव्ही 4120 से अपने घर मरोदा जाने के लिए निकले थे। इस दौरान खुर्सीपार गेट के पास सिंगनल नहीं होने पर खडे थे। अचानक पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक एमएच 40 बीएल 7437 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में चालक सड़क किनारे फेका गया वहीं खिलेश्वरी ट्रक के चक्के में अआने से मौके पर ही मौत हो गई। खबर लगने पर गंभीर अवस्था में नीलेश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं खिलेश्वरी को पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल सुपेला में शव को रखा गया। हादसे में नीलेश को काफी चोटें आई हैं। उसका एक पैर फैक्चर हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। नीलेश और खिलेश्वरी की दो साल की बेटी भी है। इस हादसे ने उस मासूम के सिर से मां का साया उठ गया है। खिलेश्वरी की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### धमधा फ्लाईओवर ब्रिज में भी फिर हुआ हादसा

धमधा रोड फ्लाईओवर पर देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं दूसरा युवक गंभीर रुप से घायल है। मोहन नगर प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि शंकरनगर निवासी विवेक उमरे और उसका दोस्त संजीत साहू बुलेट बुलेट सीजी 07 सीटी 8916 से धमधा की ओर से फ्लाईओवर से होते दुर्ग आ रहे थे। इस दौरान बैरिकेड्स को देखकर चालक हड़बड़ा गया। अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। सिर में चोट आने के बाद उसे अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां डॉ. विवेक उमरे को मृत घोषित कर दिया। वहीं संजीत साहू का उपचार जारी है।



### केटीएम बाइक की रफ्तार ने ली जान

पुलिस ने बताया कि केटीएम बाइक सीजी 07 सीएम 8621 में सवार होकर राम नगर निवासी मिथलेश जंघेल दोस्त के साथ निकला था। लेकिन सुपेला शराब दुकान के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी। हादसे में मिथलेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त भी गंभीर रुप से घायल है। खबर लगने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और अस्पताल मिथलेश को लेकर जाया गया। जहां डॉ ने मिथलेश को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक बाइक की रफ्तार और नशे के कारण हादसा होने की जानकारी दिया है।



# चाइनीस मंजे पर फिर हुई दो व्यापारियों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगबाजी का त्यौहार मनाया जा रहा है। लेकिन बहुत सारे व्यापारी कार्रवाई करने के बाद भी चोरी छिपे चाइनीस मांजा एवं नायलॉन का धागा बेच रहे हैं। जिससे राहगीरों को बहुत तकलीफ होती है। कभी-कभी पतंग का धागा फसकर बड़ा एक्सीडेंट कर देता है। इस देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली प्रमुख मार्केट में जाकर के पतंग धागा विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई। ताज पतंग सेंटर, सुगंधी पतंग सेंटर, में कार्रवाई करते हुए जप्ती बनाया गया। चालान काटा गया। इसके साथ ही सभी प्रमुख पतंग विक्रेताओं के यहां दविश दी गई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी पतंग विक्रेताओं एवं नागरिकों से से अपील की है, कि त्योहार खुशी से मनाए, लेकिन दूसरे के सुरक्षा का भी ध्यान रखें। किसी भी प्रकार का चाइनीस मांझा एवं नायलॉन धागा बेचना प्रतिबंधित है।

- मकर संक्रांति पर बिक रहा था चाइनीज मंजा

# महाकुंभ के लिए 3250 लोगों को मिली टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

विधायक रिकेश सेन द्वारा प्रयागराज महाकुंभ जाने के इच्छुक वैशाली नगर विधानसभा के दर्शनार्थियों के लिए रेल्वे के एक तरफ स्लीपर टिकट का किराया देने की पूर्व घोषणा के अनुसार अलग-अलग तिथियों पर अब तक 3 हजार 250 लोगों को टिकट वितरण किया जा चुका है। बढ़ती सर्दी के मद्देनजर सेन द्वारा विभिन्न अखाड़ों के माध्यम से तीर्थयात्रियों को भेजें गए 5000 कंबल का वितरण 12 और 13 जनवरी को किया जा चुका है। सेन ने बताया कि लगभग 50 हजार कंबल वैशाली नगर विधानसभा से भिजवाए जा रहे हैं ताकि ठंड से अधिक से अधिक महाकुंभ पहुंचे दर्शनार्थियों को राहत मिले और जरूरतमंद लोग जो प्रयागराज पहुंच रहे हैं उनको मौसम की वजह से दिक्कत न हो। सेन ने कहा कि हमने तय किया था कि वैशाली नगर विधानसभा से जो लोग भी महाकुंभ में जाना चाहते हैं प्रयागराज, उनके एक तरफ का किराया हम देंगे। जितने लोगों ने आवेदन किया था और जिनके कंफर्म टिकट बन चुके थे, ऐसे 3 हजार 250 इच्छुक दर्शनार्थियों को आज हमने टिकट वितरण किया है।

- विधायक द्वारा 5 हजार कंबल की पहली खेप पहुंची प्रयागराज



एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## उत्तर-पश्चिम में पश्चिम विक्षोभ के असर से दुर्ग का बदला मौसम

# छाए रहे बादल, पारा 10.2 डिग्री, आज भी रहेगा ऐसा ही मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

मौसम का मिजाज पिछले 48 घंटों में एक बार फिर बदल गया है। उत्तर-पश्चिम में पश्चिमी विक्षोभ का असर दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों पर भी पड़ा है। इसके असर से तापमान में अचानक से बढ़ोतरी आई है। सोमवार को जिले का न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। वहीं अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 0.4 डिग्री ज्यादा था। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे मौसम ऐसा ही रहेगा, इसके बाद बादल छंटेंगे। बादल छंटते ही एक बार फिर ठंड बढ़ेगी।

### 10 जनवरी को न्यूनतम पारा 8.4 डिग्री तक पहुंचा

बता दें कि जिले में पिछले कुछ दिनों से सामान्य से ज्यादा ठंड पड़ी। 10 जनवरी को जिले का न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री तक पहुंचा, जबकि अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री रहा। वहीं 12 जनवरी को अधिकतम तापमान 28.2 और न्यूनतप पारा 9.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। 11 जनवरी को दिन का तापमान 28.2 डिग्री और रात का पारा 9.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में तापमान में गिरावट के आसार हैं, लेकिन 18 जनवरी के बाद से तापमान में बढ़ोतरी होगी। ठंड का असर कम होगा।



हालांकि यह ठंड ज्यादा समय नहीं रहेगी, तापमान में आगामी दिनों में बढ़ोतरी की संभावना है। सोमवार को सुबह के समय हल्का कोहरा रहा। बादल छाए रहे। सर्द हवाएं चलीं। सुबह 7:30 से 8:00 बजे तक विजिब्लिटी भी सामान्य से कम रही। रात के तापमान की बात करें तो पारा 10 डिग्री के आसपास रहा, इस वजह से सुबह के समय लोगों ने ठंड महसूस की। दिन में हल्की धूप खिली। शाम होते-होते फिर से बादल छा गए। बादलों की वजह से लोगों ने गर्मी महसूस की।


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री



916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


आप सभी देशवासियों को
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं।


HAPPY PONGAL
2025


समस्त प्रदेश वासियों को
मकर संक्रांति
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
सत्य प्रकाश बंजारे
समाज सेवी
मो. 8878788187
अहिवारा विधानसभा के
हमर लाड़ली बहिनी
श्रीमति सरस्वति बंजारे


Surgical Instruments
100% High Quality Products
DEALER IN
SURGICAL INSTRUMENTS &
LAPAROSCOPIC
EQUIPMENT
AARNA ENTERPRISES
Block-No.4, Plot No-2, Nehru Nagar (E)
Bhilai, Mob : 9827166384


HAPPY
Makar
Sankranti
ज्वेलर्स
पारख
ब्रदर्स एण्ड कं.
Piyush Parakh
President - Akashganga
Sarafa Association
Bhilai
110, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई


मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY PONGAL
2025
फायरमैन प्रशिक्षण
भर्ती हेतु
सत्र - 2024-25
FSDMI
PRIVATE INSTITUTE
Admission Helpline : 7697212782
योग्यताः- 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पास छात्र एवं छात्राओं के लिए
कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़








श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/-
फोन से परामर्श केवल ₹251/-
पं. एस.के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
मकान-संतान योग
दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
कालसर्प दोष निवारण
प्रेम विवाह, मोहनी
मांगलिक दोष निवारण
"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"
बुकिंग के लिए संपर्क करें
7470674060
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
:- संपर्क सूत्र :-
पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567

## निधन

### प्रेमानंद बॉस



**भिलाई ।** नेहरु नगर भिलाई निवासी प्रेमानंद बॉस का 13 जनवरी को सेक्टर 09 हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। प्रेमानंद यूको बैंक जीपीसी शाखा के प्रबंधक सौरभ बॉस के दादा थे। जिनका अंतिम संस्कार 14 जनवरी को राम नगर मुक्ति धाम भिलाई में किया जाएगा।

### सूरज जांगड़े



**उतई।** नगर के वार्ड 4 साईं कालोनी निवासी सूरज जांगड़े उम्र 27 वर्ष का आकस्मिक निधन 13 जनवरी को हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। जिनका इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नगर पंचायत में प्लेसमेंट कर्मचारी योगेश जांगड़े के छोटे भाई थे।

### केशव सिंह



**भिलाई।** एकता नगर भिलाई तीन निवासी बिजली कंपनी से सेवानिवृत्त कर्मी केशव सिंह उम्र 64 वर्ष का निधन 8 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार भिलाई तीन के मुक्तिधाम में किया गया। केशव सिंह अपने पीछे पत्नी गायत्री सिंह, पुत्र पुष्पराज सिंह, पुत्री कविता, संगीता को छोड़ गए हैं।

### सुशीला महाडिक



**दुर्ग।** न्यू आदर्श निवासी सुशीला पति स्व.घनश्याम राव महाडिक उम्र 90 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 जनवरी दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे जोन 2 सड़क 6बी न्यू आदर्श नगर से शिवनाथ नदी के लिए निकलेगी। वे किशोर, चन्द्रेश एवं अधिवक्ता राजेश महाडिक संरक्षक एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष छग मराठा समाज की मां थीं।

### आशा विश्वकर्मा



**दुर्ग।** मॉडल टाउन सड़क नं. 8 भिलाई निवासी आशा विश्वकर्मा का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 जनवरी को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे जिला बोरवेल संघ के अध्यक्ष राजकिशोर विश्वकर्मा की पत्नी और शुभांगी की मां थीं।

### इंदू सिंह



**दुर्ग।** जवाहर नगर दुर्ग निवासी इंदू सिंह उम्र 60 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 जनवरी को सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी के तट पर किया जाएगा। वे विजय कुमार सिंह की पत्नी, अभिषेक, सोनम, आयुषी सिंह की मां, अशोक कुमार, मुकेश कुमार सिंह की बहन एवं अमन सिंह की बुआ थीं।

NAME CHANGE

It is hereby say that 'Sumit Sharma S/o Kailash Chandra Sharma' is earlier known as Sumit Sharma and after change of name now he is being known as 'Sumiet Kailash Sharma' and the Sumit Sharma and Sumiet Kailash Sharma is the same person.

Durg
dated 12.01.2025
Avinash Chand Sahu
Avinash Chand Sahu
Advocate High Court
O/R-4/11 Rishabh Nagar, Durg (C.G.)
Mobile-9329061719

## नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छेरछेरा पर्व

# पूर्वजों से विरासत में मिला छेरछेरा पर्व दान और धर्म का पढ़ाता है पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ में दान का महापर्व छेर छेरा पूर्ण आत्मीय भाव के साथ सोमवार को गांव-गांव में घर-घर में मनाया गया। इस महान पर्व में खाली हाथ किसी के घर से कोई नहीं लौटता। किसान अपनी उपज बेचकर सुख संपन्नता के साथ परिवार का कुशल संचालन करते हैं।

इसी बीच अपनी मेहनत की कमाई का अंश दान स्वरूप भेंट करने का शुरुआत छेर छेरा पर्व पर करते हैं। इस पर्व छोटे बड़े सभी गांव में घर-घर जाकर छेरछेरा की सदियों पुरानी दोहा को बोल कर दान मांगते हैं ग्रहण करते हैं। स्कूलों में अवकाश के कारण बच्चों की अच्छी खासी संख्या गांवों की गलियों में समूह में पर्व का दोहा पढ़ते हुए घर-घर दस्तक देते हैं। अनाज, बिस्कुट, चॉकलेट, पैसा जो दान में मिले लेते हुए बड़ी फुर्ती से आगे बढ़ते हुए पूरे गांव को चंद घंटों में पूर्ण कर लेते हैं।

### बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों ने भी मांगा अन्नदान



### अब कोठी की बात कहानी बन गई

95 वर्षीय रमेशर साहू ने कहा कि यह पर्व पूर्वजों से विरासत में मिली है, जो धर्म की पाठ पढ़ाती है। जमाना भले ही करवट बदल रही है, लेकिन यह पर्व दान की महत्ता को बनाए रखी है। श्री साहू कहते हैं कि पहले घर-घर में धान रखने की कोठी हुआ करता था और किसान अपनी मेहनत से उपजीत धान को मिंजाई के बाद कोठी में भरकर रखते थे और जरूरत के हिसाब से पारिवारिक व्यवस्था की पूर्ति के लिए धान बेचा करते थे। अब तो घरों में कोठी की बात कहानी बन गई। धान खेत खलिहान से सीधे सोसायटी पहुंचती है। वहीं विश्राम साहू, भगवान चंद्राकर, इंद्रू साहू, द्रोण चंद्राकर, कामता प्रसाद साहू कहते है कि पहले खेती किसानी में नौकर चाकर हुआ करते थे और मालिक के लिए परिवार के सदस्य की भांति समर्पित होकर मेहनत करते थे और छेर छेरा पर्व ही अधिकांश नौकर मालिक के काम को निपटाते हुए कांवर में बहुत बड़ा टोकनी लगाकर मालिकों के घर छेर छेराने गांव की गलियों में निकल जाते और अच्छा खासा धान एकत्र कर सब आपस में बाट लेते थे। यह पर्व दान का महान पर्व है ।

### बच्चे दान पाने पहुंचे घर-घर



**उतई।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में महापर्व छेर-छेरा की धूम रही। सुबह से ही बच्चों की टोलियां अन्नदान मांगते दिखे। यह हाल नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में रहता है। छेरछेरा छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकपर्वों में से एक है। इस दिन अन्नदान मांगने की परंपरा है। कृषक परिवार इस मौके पर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन मोहल्लों में बच्चों और युवाओं की टोलियां सुबह से दान मांगने के लिए निकल पड़ती हैं। यह त्योहार पौष महीने के पूर्णिमा के दिन से शुरू होता है और लगभग सप्ताह भर तक चलता है इस कारण इस त्यौहार को पौष पुन्नी त्योहार कहा जाता है।

### छेरछेरा पर्व में अन्न दान मांगने की है परंपरा



**अंडा।** अंचल में महापर्व छेर-छेरा की धूम है। ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। सुबह से ही बच्चों की टोलियां अन्नदान मांगते दिखे। यह हाल शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में रहा। शहर से लगे हुए टार पाली गांव में बच्चे व बड़ों को डंडा नृत्य कर छेरछेरा की परंपरा का निर्वहन करते देखा गया। छेरछेरा छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकपर्वों में से एक है। इस दिन अन्न दान मांगने की परंपरा है। कृषक परिवार इस मौके पर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन घरों के दरवाजे पर सुबह से आवाज सुनी जाती है, अरन बरन कोदो दरन, जभे देबे तभे टरन छेरछेरा, माई कोठी के धान ले हेरते हेरा। दरअसल, इस दिन मोहल्लों में बच्चों और युवाओं की टोलियां सुबह से दान मांगने के लिए निकल पड़ती हैं। आदिवासियों के साथ गैर आदिवासी वर्ग के लोग भी इस त्यौहार को मनाते हैं। यह इस क्षेत्र की जनजाति के लोगों का प्रमुख त्यौहार है। पौष माह में मनाए जाने वाला पारंपरिक त्योहार छेरछेरा पुनी नगर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों में भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

### छेरछेरा की आवाज से गूंज उठे गांव के गली मुहल्ले



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ अपने आप में लोक परम्पराओं को समेटे हुए हैं। छत्तीसगढ़ के किसान सबसे बड़े दानी के रूप में माना गया है। साथ ही सभी जीव प्रजातियों के अन्नदाता की उपमा भी मिला हुआ है। प्रकृति के गाय बैल भैंस चुहा सभी पक्षियों साँप सहित सभी जीव जंतुओ को किसी न किसी रुप में अन्न दान देकर जीवन देती है और बच गये बच्चों और बड़ों को भी छेरछेरा पूर्णिमा के दिन दान करती है। लोक परंपरा के अनुसार पौष महीने की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष छेरछेरा का त्योहार मनाया जाता है। गांव के युवक जो अपने समिति या खेल के लिए आर्थिक संसाधन की कमी को दूर करने के लिए घर-घर जाकर बाजा बजाकर नृत्य करते हैं और अन्न का दान मांगते हैं। राज्य का राजा घर आये या खेतों की फसल, एक तरह से जब खुशी आपके दरवाजे दस्तक दे यही है छेरछेरा पर्व। पुर्वेश साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार छेरछेरा पर्व पर छुट्टी घोषित कर दिया गया है यह सभी पढ़ने वाले बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस वर्ष छुट्टी देने से पूरे मनोयोग से छेरछेरा त्योहार मना रहे हैं।

## अंचल की खबरें

### स्वच्छता कर्मियों की हुई स्वास्थ्य जांच



**नंदिनी अहिवारा।** मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद् अहिवारा में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। एक कदम स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है क्योंकि ये कर्मी प्रतिदिन घर-घर जाकर कचरा संग्रहण, सफाई और स्वच्छता बनाये रखने का कार्य करते हैं। इन कर्मियों का स्वास्थ्य समाज की स्वच्छता व्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। नगर पालिका परिषद् अहिवारा में 46 स्वच्छता कर्मी कार्यरत है जिनमें 43 स्वछता दीदी , 3 पुरुष स्वच्छता कर्मी है। यह टीम अपनी जिमेदारी को बखूबी निभा रहे हैं इन कर्मियों के द्वारा निमियत सफाई और कचरा संग्रहण से अहिवारा में स्वच्छता का स्तर उच्च बना हुआ है। मुख्य मंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत एक मोबाइल यूनिट कैंप का आयोजना किया गया, जो स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य परिक्षण के लिए नगर पालिका परिषद् अहिवारा पहुंची। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं एवं निःशुल्क दवाई प्रदान की गई , जिसमे अनेक ब्लड टेस्ट, बीपी, शुगर, थाईराइड और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच शामिल थे। इसके साथ ही, स्वस्थ्य संबंधी किसी प्रकार कि समस्या को दूर करने के लिए चिकित्सक द्वारा उचित उपचार की व्यवस्था भी की गई। यह कदम उनकी कार्यक्षमता को बेहतर बनाने के साथ -साथ , उनके कार्य के दौरान होने वाली स्वस्थ्य समस्याओं से बचाने में भी मदद करेगा । नगर पालिका परिषद् अहिवारा के अधिकारीयों और स्थानीय समुदाय का मानना है कि इस प्रकार कि स्वास्थय सेवाएं स्वच्छता कर्मियों कि महेनत और योगदान के लिए एक सरहानीय कदम है।

### स्वामी विवेकानंद की मनाई जयंती



**सेलूद।** स्वामी विवेकानंद विचार मंच के तत्वावधान में विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित जनों द्वारा विवेकानंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं उपस्थित जनों के बीच अपनी बात रखते हुए समारोह के संयोजक हेमंत मढ़रिया ने कहा कि विवेकानंद हमारे पथ प्रदर्शक की तरह हैं जिनके रास्तों पर चलकर हम मानव सेवा का मार्ग अपनाकर राष्ट्र को एक नई मजबूती प्रदान कर सकते हैं। कृष्ण कुमार धुरंधर ने कहा कि विवेकानंद का मानना था कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। इसलिए समस्त मानव के उत्थान के लिए हमें कार्य करना चाहिए और जब तक सफलता न मिले तब तक हमें अनवरत प्रयास करना चाहिए। डॉक्टर नौशाद सिद्दीकी ने विवेकानंद के 10 अनमोल विचारों को रखते हुए कहा कि संघर्ष जितना प्रबल होगा सफलता उतनी श्रेष्ठ होगी ।

### सीटू नेता अंताप्पन का निधन, परिजनों ने शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज को किया देहदान



**भिलाई।** दल्ली राजहरा के माकपा और सीटू वरिष्ठ नेता पीई अंताप्पन निधन भानुप्रतापपुर में हो गया था । उनकी इच्छा के मुताबिक उनके पार्थिव शरीर को मेडिकल कालेज को शोध के लिए दान किया गया। । परिवार ने शंकराचार्य मेडिकल कालेज, भिलाई को देहदान करने का निर्णय किया । सोमवार को सुबह 11 बजे राजहरा के निर्मला स्कूल चर्च से कॉम अंताप्पन के पार्थिव शरीर को छात्रों के शोध कार्य के लिए मेडिकल कालेज को सौंप दिया गया । देह दान में आस्था वृद्ध आश्रम के प्रकाश गेडाम एवं रामू राव ने मदद किया । सीटू व माकपा ने निधन पर भावीभीनी श्रद्धांजलि दी है। जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने कहा कि बेहतरीन से बेहतरीन डॉक्टर को तैयार करने के लिए आवश्यक अध्ययन सामग्री की आवश्यकता होती है उसमें उपकरणों के साथ मानव देह अर्थात पार्थिव शरीर महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसीलिए देहदान करने के लिए लोगों को स्वयं से प्रेरित होना चाहिए ।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**उतई।** प्रिज्म स्कूल आफ एजुकेशन में बीएड सेमेस्टर प्रथम के विद्यार्थियों के द्वारा एक दिवसीय कम्युनिटी एक्टिविटी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कम्युनिटी एक्टिविटी के लिए महाविद्यालय से सुबह चंदखुरी माता कौशल्या मंदिर की ओर प्रस्थान किया।इस गांव को भगवान राम की माता कौशल्या की जन्म स्थली माना जाता है। जलसेन तालाब के बीच में मौजूद होने की वजह से कौशल्या धाम की खूबसूरती और बढ़ जाती है। यहां पर सभी विद्यार्थियों ने अपनी प्राचीन संस्कृति के बारे में विस्तार से जाना।भारत पूरे देश में अपनी संस्कृति के लिए जाना जाता है। इसलिए बच्चों को अपने देश और उसकी संस्कृति के बारे में जानकारी होना चाहिए। शैक्षिक भ्रमण से छात्रों को कक्षा से बाहर जाकर नए अनुभव मिलते हैं। एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अंजना, वरिष्ठ प्रध्यापिका रेखा नामदेव, मीनाक्षी देवी, लीना वैष्णव, सुषमा साहू, भाग्यश्री पटेल तथा ज्योति मिश्रा उपस्थित थे।

## पटेल समाज ने मनाई शाकंभरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

कुम्हारी नगर में पौष पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को शाकंभरी जयंती मनाई गई। जिसमें पटेल समाज के छोटे-छोटे बच्चें एवं महिलाओं द्वारा सिर पर कलश लेकर बाजे-गाजे के साथ माता शाकंभरी की शोभा यात्रा निकाली गई, जो नगर के सभी गलियों में घूमते हुए शीतला तालाब पहुंचे। शाकंभरी जयंती के इस समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। उन्होंने पटेल समाज की कुल देवी माता शाकंभरी की पूजा-अर्चना के बाद समाज के सदस्यों को पौष पूर्णिमा व मां शाकंभरी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए समाज में एकता एवं एक दूसरे से जुड़े रहने की बधाई दी। बता दे कि पटेल समाज द्वारा प्रतिवर्ष नगर में शाकंभरी जयंती बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। बता दें कि प्राचीन मान्यता के अनुसार एक बार पृथ्वी पर सौ वर्ष तक वर्षा नहीं होने से चारों तरफ भूख प्यास से जीव जंतु पेड़ पौधे मरने लगे तब मुनियों ने मिलकर मां भगवती का आह्वान किया, तब वे पौष पूर्णिमा के दिन माता शाकंभरी के रूप में धरती पर अवतार लेकर वर्षा कर पृथ्वी पर जीवन का संचार किया। इसी कारण प्रति वर्ष पौष पूर्णिमा के दिन शाकंभरी जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर कुम्हारी राज अध्यक्ष डॉ. टिकेंद्र पटेल, सचिव थनेश पटेल, नगर अध्यक्ष सरोज पटेल, हरलाल पटेल, हरिलाल पटेल, राजकुमार पटेल, रामजी पटेल, ओमप्रकाश पटेल, डेविड पटेल, भूपेंद्र पटेल, रंजीत पटेल, राहुल पटेल, सहित पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व पार्षद महेश सोनकर, मनहरण यादव, ओमनारायण वर्मा, विष्णु देवांगन, स्वप्निल उपाध्याय, रामेश्वर सोनकर आदि उपस्थित थे।

- कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश हुए शामिल



### पूर्व सीएम भूपेश को एक सूपा धान भेंट किया

पौष पूर्णिमा छेरछेरा पुन्नी के इस लोक पर्व पर लोग धान, चावल दान करते हैं। इस दिन अन्न दान करने से घर में सुख-समृद्धि एवं अपार धन की प्राप्ति होती है। इसी कड़ी में कुम्हारी नगर पहुंचें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कुंवर बाई सोनकर एवं परिवार द्वारा छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर भेंट स्वरूप एक सूपा धान व श्रीफल भेंट की गई। भेंट को स्वीकार करते हुए बघेल ने समस्त ग्रामवासियों को छेरछेरा पुन्नी की शुभकामनाएं दी।

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण प्राकृतिक परीक्षण की ली जानकारी



**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम की रेडक्रॉस एवं कला संकाय के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण ग्राम भरदा में किया गया। जिसमें रेडक्रास के स्वयं सेवकों ने शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय का विजिट किया। इस अवसर पर डॉक्टर संजय छाजेड़ एवं औषधालय कर्मचारी निषाद, राकेश एवं होरी लाल ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। स्वयंसेवकों ने प्राथमिक उपचार, औषधि उपकरण, प्राकृतिक परीक्षण से संबंधी जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात ग्राम भरदा के गांवों में आर्थिक सामाजिक सर्वे किया गया । इस अवसर पर अंजू रानी ठाकुर विभागाध्यक्ष कला संकाय एवं दीपेश, मोहित, लिलेश्वरी, चंचल, गायत्री, भारती आदि उपस्थित थे।

## रसमड़ा व खुरसुल में विभिन्न विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास, सुगम आवागमन एवं जनता की सुविधाओं के विस्तार के लिए विधायक ललित चंद्राकर द्वारा निरंतर प्रयासों से लगातार करोड़ों रूपये के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इसी कड़ी में ग्राम रसमडा में दशहरा मैदान में निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन लागत राशि 9.71लाख रुपए, स्कूल परिसर सीसी रोड निर्माण लगात राशि 4.50 लाख रुपए, नवीन कार्य का निर्माण, ग्राम ख़ुरसुल कृषि उपज मंडी परिसर 8.50 लाख रुपए से निर्मित होने वाले सीसी रोड नवीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमंत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, जनपद सदस्य अजय वैष्णो, सरपंच ममता साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष नंदकुमार निर्मलकर, मंडल मंत्री चेतन साहू, पूर्व सरपंच रामखेलावन यादव, बूथ अध्यक्ष सोहन निर्मलकर, भाजपा युवा मोर्चा नेता चमन यादव, आदि सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहार छेरछेरा पुन्नी की बधाई दी।

- विधायक ललित ने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए की भूमिपूजन



### पतंग उत्सव सेक्टर 2 में होगा कल



**भिलाई।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा कार्यकारणी सदस्य रश्मि सिंह द्वारा पतंग उत्सव का आयोजन 15 जनवरी को सेक्टर 2 स्थित गणेश पंडाल, बीएसएनएल चौक में किया जाएगा। रश्मि सिंह ने बताया कि आयोजन सुबह 8 बजे से शुरु होगा। उत्सव में केवल धागे का इस्तेमाल होगा। धागा,पतंग और लटाई हम देंगे। इसमें 300 से 400 बच्चे हिस्सा ले सकते है। इसकी तैयारी माह भर पहले से किया जा रही थी। हजार पतंग भी मंगाई है। तिल के लड्डूओं का भी वितरण होगा। साथ ही शाम को महाभोग का बड़ा आयोजन है। पतंग महोत्सव कार्यक्रम निःशुल्क है। भाजपा नेत्री रश्मि सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति के पर्व पर यह उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इससे लोगों में हिन्दु धर्म के प्रति जागरुकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्रीमती कौशिल्या, पति स्व. श्री अमर दास, निवासी बासीन, दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) 490024 वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा-ग्राम- मुरमुंदा, प.ह.नं. 00016, रा.नि.मं.- मुरमुंदा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 441, रकबा - 1.0100 है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है, एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग. दिनांक 13/01/2025
(गीतेश कुमार बैस) अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 98261-10027

## दीप यज्ञ व सुंदर कांड का पाठ कर निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



अयोध्या में श्री रामचन्द्र के प्राण प्रतिष्ठा के दिन ग्राम सेलूद में 108 कलश के साथ पाटन चौक बजरंग बली मंदिर से ग्राम के माता बहनों के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाला गया। प्रतिदिन गांव में लोगों ने स्व स्फुर्त होकर सैकड़ों की संख्या में बाजे गाजे के साथ प्रभातफेरी निकाला जाता था जो कि 10 जनवरी तक जारी रहा। 11 जनवरी को मंदिरों की साफ सफाई की किया गया। सेवा समिति के द्वारा सेवा भजनो के माध्यम से भगवान की स्तुति की गई । राम जन्म उत्सव मनाने व इस पल स्वर्णिम पल को यादगार बनाने महिलाओं, पुरुषों में उत्साह का माहौल था। कलश यात्रा पाटन चौक से होते हुए बावाकुटी भाठापारा के राधाकृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। श्रीराम जानकी मंदिर चार बाँधा तालाब में दीपयज्ञ का आयोजन किया गया है साथ ही ग्राम की माता बहनो द्वारा पहली बार सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच खेमिन साहू, खेमलाल साहू, रमेश देवांगन, महेश्वर बंछोर, तारेन्द्र बंछोर, टामनलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, महेश्वर बंछोर, संजय यदु आदि उपस्थित थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कायस्थ सभा ने पूर्व पीएम शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** कायस्थ सभा ने भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर पोटिया मे प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम कायस्थ सभा के संजीव ब्योहा, आरके वर्मा, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, पीबी सक्सेना, अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, महासचिव रजनीश श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, प्रशांत बक्शी, आलोक श्रीवास्तव, श्रीमती अराधना खरे, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव रहे। वहीं 12 जनवरी को आध्यात्मिक गुरु विवेकानंद की जयंती पर उनके प्रतिमा स्थल पद्मनाभपुर के विवेकानंद भवन में माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि दी गई।

### विकास समिति की नई कार्यकारिणी घोषित



**दुर्ग।** डॉ अंबेडकर नगर निवासी विकास समिति वार्ड क्रमांक 58 उरला के पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। निर्वाचन अधिकारी रामराव ढोक थे। समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र बबलुद्ध चौरे, उपाध्यक्ष सुनील श्यामकुवर, सचिव कमलेश चौरे, कोषाध्यक्ष अविनाश आड़कने, सहसचिव सेवाराम बांगरे, प्रचार मंत्री कुम्भराज खांडेकर, कानूनी सलाहकार एड सचिन गवई, संरक्षक सदस्य उत्तम मेश्राम, राहुल मेश्राम, सलाहकार सदस्य महेश मालापुरे, रामराव ढोक, अशोक लाउत्रे निर्वाचित हुए।

# ननि और त्रिस्तरीय चुनाव के लिए भाजपा करेगी मैराथन बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा अब मिशन मोड पर दिख रही हैं। माना जा रहा है कि, प्रदेश में बैठक के बाद आगामी चौदह जनवरी को होने वाले बैठक उम्मीदवारों के लिए अंतिम दिशा निर्देश होगी। इसमें निकाय और पंचायत के पदाधिकारियों को बुलाया गया हैं।

भारतीय जनता पार्टी आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अपनी तैयारी को अंतिम स्वरूप देने के लिए युद्ध स्तर पर लगी हुई है। इसी कड़ी में दुर्ग जिला भाजपा द्वारा 14 जनवरी, मंगलवार को दोपहर 2 बजे जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य और जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक की अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय में बैठक आहूत की गई है। उल्लेखनीय है कि, दो दिन पहले रायपुर में प्रदेशभर से आए जिला पदाधिकारियों की बैठक ली गई थी। इस दौरान प्रदेश संगठन ने नगरीय और त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर प्रक्रिया भी जारी कर दिए थे। आागामी दिनों होने वाले बैठक में भाजपा एवं मोर्चा, प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय-प्रदेश पदाधिकारी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला भाजपा पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, मंडल भाजपा अध्यक्ष-महामंत्री, ननि नेता प्रतिपक्ष, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद एवं वरिष्ठ नेतागण शामिल होगें।

## मकर सक्रांति के दिन नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनाव पर मंथन

### कार्यकर्ताओं को देंगे दिशा निर्देश



जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि, प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर विभिन्न प्रकार के दायित्व का निर्धारण किया जाएगा। आगामी दिनों संपन्न होने वाले नगरीय और पंचायत दोनों चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिले, इसके लिए व्यापक स्तर पर जुटी हुई हैं। इसीलिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देने के लिए महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में रखा गया है।

### महापौर-अध्यक्ष प्रत्याशी ऐसे होंगे तय

भाजपा सूत्रों ने बताया कि, नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों के चयन के लिए जिलों से पैनल तैयार होकर संभागीय समिति के पास आएगा। इसके बाद संभागीय समिति से यह पैनल प्रदेश चयन समिति के पास पहुंचेगा। प्रदेश चयन समिति की बैठक में सभी नगर निगमों के पैनलों पर मंथन के बाद नामों का ऐलान प्रदेश चयन समिति करेगी। अगर जरूरी हुआ तो महापौर प्रत्याशियों के नामों के ऐलान के पहले राष्ट्रीय संगठन को भी इसकी जानकारी देकर मंजूरी ली जा सकती है। इसी तरह से नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों के लिए जिलों से संभागीय समिति के पास पैनल आएगा। इस पर संभागीय समिति फैसला करेगी, लेकिन इसके लिए संभागीय समिति को प्रदेश समिति का अनुमोदन लेना पड़ेगा। अनुमोदन लेने के बाद संभागीय समिति पालिका के अध्यक्ष प्रत्याशियों का ऐलान करेगी। नगर पंचायतों के अध्यक्ष प्रत्याशियों पर फैसला संभागीय समिति करेगी और जिलों में इसका ऐलान होगा। पार्षद प्रत्याशियों पर फैसला भी संभागीय समिति करेगी।

## निर्देश : पांच साल बाद संगठन को मानदेय की आई याद, कई पार्षद नाराज

# दोबारा पार्षद टिकट के लिए कांग्रेस पार्षदों को देने होंगे 52 हजार रुपए

## सोशल मीडिया में भी सामने आ रही कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा ऐन नगरीय निकाय चुनाव के बीच दुबारा पार्षद टिकट के लिए 52 हजार रूपए मानदेय जमा करने के आदेश ने खलबली मचा दी हैं। पिछले पांच साल से मानदेय राशि लेने के मामले में बेसूध रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अब जाकर निर्देश जारी किए है। जिससे उम्मीदवार सक्ते में आ गए हैं।

दुर्ग शहर कांग्रेस कमेटी से प्राप्त जानकारी अनुसार पार्षद के लिए 52 हजार और नगरपालिका पार्षदों के लिए 17 हजार पांच सौ रूपए निर्धारित किए गए हैं। इस आदेश के बाद ऐसे पार्षद जिनका वार्ड महिला के लिए आरक्षित हो गए, वे निश्चिंत हो गए है। लेकिन इस आदेश के चपेट में ऐसे पार्षद है जो दुबारा चुनाव लडने की तैयारी कर रहे है। उनकी तो नींद उड गए है। वही इसमें दावेदारों ने तो जिला संगठन को उम्मीदवारी फार्म भी दे दी हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला संगठनों को भेजे गए पत्र में साफतौर पर कहा गया है कि, राशि जमा होने के बाद ही मौजूदा पार्षदों को कांग्रेस संगठन दावेदार की लिस्ट में शामिल करेगी। इस आदेश को लेकर कुछ पार्षदों से चर्चा भी की गई तो उन्होने अपनी पीडा बताते हुए कहा कि, पार्षदों को न पेंशन की पात्रता है और न भत्ता मिलती हैं। मानदेय राशि को कार्यकाल में भी समाप्त हो जाती हैं। ऐन चुनाव के बीच जारी इस आदेश को लेकर पार्षदों में मासूसी भी दिख रही हैं।

**खास बातें**

- आरक्षण से प्रभावित पार्षदों के फंड नही देने से पार्टी को होगा नुकसान
- पार्षद और मेयर के उम्मीदवारी फार्म जमा करने के बीच आदेश से खलबली



### सालभर में एक मानदेय देना था

दरअसल डॉ. मनमोहन सिंह कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी का कार्य पार्टी के लिए एकतरफ से फंड जमा कराना था। इस फंड में हर जनप्रतिनिधि को अपने सालभर के मानदेय में एक माह का मानदेय कमेटी को देना था। लेकिन बीते पांच साल में मौजूदा पार्षदों ने पार्टी मानदेय नहीं दिया है। जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने पार्षदों को दिए जाने वाले साढे सात हजार के मानदेय को बढाकर सीधे पन्द्रह हजार किया था।

### कांग्रेस के 34 पार्षद शामिल

मानदेय जमा करने के आदेश के चपेट में अब ऐसे पार्षदों को भी चिंता सताने लगी है जिनका वार्ड महिला हो गया था और वे दूसरे वार्ड में संभावना तलाश रहे थे। बहरहाल दुर्ग के साठ वार्ड में करीब 34 कांग्रेस के पार्षद हैं। ऐसे में चुनाव के लिए दावेदारी या टिकट के पहले यह राशि अनिवार्य कर दी गई है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि, यह आदेश पार्षद उम्मीदवारों के लिए आर्थिक तंगी के हालात निर्मित करेगी। जानकारी अनुसार जारी आदेश में एक साथ पांच साल के मानदेय को जमा करने कहा गया हैं। इस मामले को लेकर कोई भी कांग्रेस अपना पक्ष देने से बच रहे हैं।

## भिलाई-चरोदा मंडल में कार्यकर्ता सम्मेलन और सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिका क्षेत्र भिलाई-चरोदा में सोमवार को कार्यकर्ता सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रुप में विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाडा, भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन पहुंचे थे। कार्यक्रम रुखमणी पैलेस भिलाई तीन में हुआ। इस दौरान भाजपा नवगठित मंडल भिलाई तीन द्वारा कार्यक्रम आयोजित था। विधायक के द्वारा एक वर्ष के कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण कर विधानसभा क्षेत्र में 123 करोड रुपए के विकास कार्य करवाने पर विधयाक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाडा। का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का भिलाई तीन मंडल में प्रथम आगमन हुआ। भिलाई जिला के 6 नवनियुक्त भिलाई तीन मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, चरोदा ए गौरी शंकर, अहिवारा राम जी निर्मलकर, जामुल प्रशांत गुप्ता, जेवरा सिरसा घनश्याम साहू और अर्जुंदा कुमन साहू मौजूद थे। कार्यक्रम में रविशंकर सिंह,उपकार चंद्राकर, प्रेमलाल साहू, सुषमा जेठानी समेत योगेंद्र सिंह, विजय जायसवाल, दिलीप पटेल सतीश साहू ,हमीद अहमद शाह ,डॉ राधेश्याम वर्मा ,राजू लाल नेताम ,अमित मिश्रा, कृष्ण कुमार वर्मा, धनेश्वरी साहू, पूर्व महापौर चंद्रकांता मंडले, पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू , नेता प्रतिपक्ष नगर निगम भिलाई चरोदा राम खिलावन वर्मा, चंद्रप्रकाश पांडे, फिरोज फारुकी, तुलसी ध्रुव, प्रेमलता चंद्राकर, गुरचरण सिंह, बाल मुकुंद वर्मा, तुलसी मरकाम, तोरण सोनी, शोभारानी सुब्रत दास गुप्ता, समीर अग्रवाल, अभिषेक शर्मा आदि मौजूद थे। अतिथियों का मंडल अध्यक्ष वरुण यादव ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

- सालभर में किए गए 123 करोड़ विकास कार्य

## शहरी पथ विक्रेताओं को किया जाएगा लाभान्वित

**पाटन।** शहरी पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि-योजना से प्रथम किस्त 10000, द्वितीय किस्त में 20000, तथा तृतीय किस्त 50000 तक के ऋण बैंकों के माध्यम से दिलाए जाने के लिए विभाग ने निरंतर अपना प्रयास जारी रखा है। अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना से जोड़कर स्वनिधि से समृद्धि के तहत पाटन क्षेत्र अन्तर्गत व्यवसाय करने वाले सभी पथ विक्रेताओं के परिवार के सदस्यों का सोशल प्रोफाइलिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाना है। ताकि इन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी दिलाया जा सके। स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के साथ-साथ वन नेशन वन राशन कार्ड योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से पथ विक्रेता व उनके परिवार के सदस्यों को पात्रता के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर पंचायत पाटन की टीम द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के सफल संचालन के लिए हर संभव प्रयास फील्ड पर किया जा रहा है। इस योजना से लाभ लेने के लिए पथ विक्रेता अपना आधार कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालय में संपर्क करें अथवा अपने नजदीकी चॉइस सेंटर में जाकर आवेदन कर सकते हैं और योजना से लाभान्वित हो सकते हैं।

## जयंती कार्यक्रम में विधायक ने बंटाया हाथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छेरछेरा पुन्नी और शाकम्भरी जयंती पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में विधायक गजेन्द्र यादव शामिल हुए और प्रदेशवासियो को दान पुण्य का महापर्व छेरछेरा की बधाई दिए और माँ शाकम्भरी की पूजा अर्चना कर सभी के सुख समृद्धि की कामना किये। चंडी मंदिर चौक में मरार पटेल समाज दुर्ग के तत्वाधान में आयोजित माँ शाकम्भरी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और पटेल समाज द्वारा समाज द्वारा अपनी बाड़ी में उगाई गई शुद्ध और प्राकृतिक सब्जियों का वितरण में अपनी सहभागिता दिए। इसके अलावा उरला में में जयंती पर पटेल समाज के नागरिकों को सम्बोधित करते हुए उन्हें शासन की शाकम्भरी योजना की जानकारी दिए और अपने समाज और संस्कृति को संजोये रखने आव्हान किये। समाज के पदाधिकारियों द्वारा भवन की मांग की घोषणा भी किये। इस दौरान पार्षद देवनारायण चंद्राकर, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू, कांशीराम कोसरे, मनीष साहू, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, कमलेश फेकर, अमित पटेल, गोपू पटेल, राहुल सोनकर, विजय ताम्रकार, भूपेंद्र साहू, कुलदीप साहू, दिनेश नलोडे, नवीन साहू, नारायण शर्मा, आसिफ अली, अनिकेत यादव, अविनाश राजपूत, एवं कुंदन साहू उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वार्षिक उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सरस्वती शिशु मंदिर उमावि कसारीडीह में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष जिला दुर्ग सहकारी बैंक मर्यादित प्रीतपाल बेलचंदन थे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती, ओंकार व भारत माता, स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि परिचय वरिष्ठ सदस्य शैलेंद्र सिंह डोटे द्वाराकराया गया। विद्यालय प्रतिवेदन प्राचार्य श्रीमती कृपा शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

- एकल परिवार की बढ़ती समस्या का किया प्रदर्शन



मुख्य अतिथि ने कहा कि यहां के शिक्षा, संस्कार और सरस्वती शिशु मंदिर के नाम का महत्व, सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षा के माध्यम से ही अखंड भारत की कल्पना की जा सकती है ।

कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा भौमिक के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन समृद्धि सिंह चौहान अंग्रेजी भाषा में व भैया दिव्यांश मिश्रा ने हिंदी भाषा मे किया ।इस अवसर पर भैय्या बहनों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसके अंतर्गत विभिन प्रांतों के आंचलिक नृत्य, शिव पार्वती विवाह, नाटक तथा सोशल मिडिया के बढ़ते दुष्प्रभाव व एकल परिवार की बढ़ती समस्या का प्रदर्शन नृत्य और नाटक द्वारा प्रस्तुति दी गयी। पूर्व छात्र बहन ज्योती डोटे द्वारा प्रांत में चलाए रहे पूर्व छात्र संपर्क अभियान व पंजीकरण की जानकारी दी गई। जिसके अंतर्गत 25000 भैया बहनों का रिजिस्ट्रेशन किया गया। शिक्षण सत्र 2024-25 में बोर्ड परीक्षा में कक्षा द्वादश से भैया हर्ष गुप्ता कक्षा दशम बहिन भूमि साहू प्रथम स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सहसचिव श्रीमती रोहिणी पाटणकर, समिति के सदस्य किशोर टाटीबंदवाले, श्याम खंडेलवाल, श्याम चंद्राकर, प्रकाश कानाबार, दीपक सोनी, प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव, आचार्य, दीदियाँ बड़ी संख्या उपस्थित थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## पीएम-2 में अधिक से अधिक हितग्राही होंगे लाभान्वित

# बीएलसी का 78 फीसदी मकान प्रगतिरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी नगरीय निकाय चुनाव के चलते पात्र एक भी हितग्राहियों को वंचित नही किए जाने का निर्देश निगम प्रशासन द्वारा नीचले अधिकारियों को दिया गया हैं। निगम प्रशासन का दावा है कि, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एक साल सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। एक साल में 562 हितग्राहियों को सफलता पूर्वक संपूर्ण किस्त की राशि दी जा चुकी है।


- आयुक्त ने तेजी से निर्माण कार्य पूरा करने दिए निर्देश

आम जनता के हितो को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिनकी आय 3 लाख से कम हो, स्वयं की जमीन हो ऐसे हितग्राहियों को 30 वर्ग मीटर एरिया में मकान बनवाकर देने का प्रावधान रखा गया था। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्य घटक एएचपी अंतर्गत ऐसे हितग्राही है जिनके पास जमीन तथा मकान नहीं है, जो कि 2015 के पूर्व से शहरी क्षेत्र में निवासरत थे, या जो किराए के मकान में रहते थे उन्हें 1 बीएचके का फ्लैट बनवाकर दिया गया। वर्तमान में बीएलसी घटक अंतर्गत 3335 के लक्ष्य अनुसार 3247 मकान पूर्ण किया जा चुका है तथा 78 प्रगतिरत है जो कि 98 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।



### दूसरे चरण के लिए दी गई छूट

दूसरे चरण में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियो को योजना का लाभ दिये जाने हेतु पात्र हितग्राहियों को छूट दिया गया तथा ऐसे हितग्राही जो 31 अगस्त 2024 के पूर्व से निवासरत है तथा जिनके पास जमीन के दस्तावेज है तथा सालाना आय तीन लाख से कम तथा जाति प्रमाण पत्र होगा उन्हें लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
28 जनवरी से 06 फरवरी 2025, 04 फरवरी से 13 फरवरी 2025, 11 फरवरी से 20 फरवरी 2025, 18 फरवरी से 27 फरवरी 2025, 25 फरवरी से 06 मार्च 2025, 18 मार्च से 27 मार्च 2025, 25 मार्च से 03 अप्रैल 2025, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025, 06 मई से 15 मई 2025, 13 मई से 22 मई 2025, 20 मई से 29 मई 2025, 03 जून से 12 जून 2025,
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 14 जनवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02



फाइनल राउंड में स्वीटी, कार्तिका, आकृति और निमित ने मारी बाजी

**लाइव इवेंट**

## हड्डियों से जुड़ी बीमारियों पर मंथन, 50 रिसर्च पेपर भी पढ़े





- ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन, जुटे देशभर के 200 से ज्यादा चिकित्सक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ ऑर्थोपेडिक एसोशियसन के 24वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन झरोखा पैलेस में किया गया। सम्मेलन की मेजबानी अस्थि सर्जन एसोसिएशन दुर्ग भिलाई द्वारा किया गया। आयोजन मे देश के विभिन्न प्रान्तों के 200 से अधिक अस्थि रोग विशेषज्ञ ने एक दूसरे के साथ अपने विचार एवं कार्य साझा किए।

कार्यशाला में जोड़ों को पुर्नजीवन देने वाली पद्धति के विषयों पर चर्चा हुई। दूसरे और तीसरे दिन 50 विशेषज्ञों के द्वारा अपने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। पुणे के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल ने हाथों के विकृति के उपचार पर विशेष व्याख्यान दिया। ग्वालियर के प्रख्यात सर्जन डॉ. समीर गुप्ता ने कूल्हे की हड्डी के फ्रैक्चर के विभिन्न उपचार विधियों पर अपने अनुभव साझा किए। बेंगलुरू की सर्जन डॉ. वी माधुरी ने बच्चों में होने वाले जन्मजात विकार .डीडीएच पर व्याख्यान दिया। डॉ. विपिन जैन ने राज्य अस्थि रोग संघ के नये अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार संभाला। वर्ष 2026 के लिए डॉ. प्रशांत द्विवेदी को अध्यक्ष चुना गया। संघ के प्रमुख सचिव ने संघ के वर्ष भर की विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी एवं आय लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। चेयरमैन डॉ अखिलेश यादव ने समस्त अथितियों का आभार व्यक्त किया।

**सिटी इवेंट**

## भगवान राम की शिक्षा और रामायण का महत्व समझाया



- शिक्षक नगर कोहका में मानस मंडलियों ने दी रामायण की प्रस्तुति, मिला सम्मान

**भिलाई।** मां सरस्वती उत्सव एवं रामायण उत्सव समिति शिक्षक नगर कोहका में छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों की मानस मंडलियों द्वारा रामायण की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मंगल मूर्ति मानस मण्डली मलपुरी, जय ठाकुर देव मानस मण्डली उपरवारा, जय कारीपाठ मानस मण्डली सिवनी, शिव शक्ति मानस मण्डली खमरिया भखारा, सुनीर महिला मानस मण्डली नहर खपरी, कर्मा महिला मानस मण्डली फर्सिया, नव जागृति महिला मानस मण्डली धौराभाटा (खैरागढ़), जय बजरंग मानस मण्डली हरडुआ, जय बजरंग मानस मण्डली देवारभाट बालोद ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि विजय साहू, सीपी सोनी, डॉ. अनिल शर्मा, गिरीश कुमार का श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया गया। समिति के संरक्षक भावेश साहू, अनिल सोनटके, दिनेश महस्की द्वारा समिति के सभी पदाधिकारी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम संचालन हेमंत वर्मा ने किया। कार्यक्रम में कोहका एवं आसपास के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विगत कई वर्षों से समिति द्वारा मानस मंडली का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष भी अंचल से आए मंडलियों ने मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मंडिलयों द्वारा राम की शिक्षा एवं रामायण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया गया। अंचल के लोक कलाकारों को प्रोत्साहन देने एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति को नई पीढ़ी से परिचय कराने के उद्देश्य से संस्था विगत कई वर्षों से कार्य कर रही है।

**लाइव इवेंट**

## एनएसएस शिविर में दी सहभागिता प्रमाण पत्र देकर किया सम्मान



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई का सात दिवसीय रासेयो शिविर कोड़यिा में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इस सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच चंद्रभान सारथी थे। कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र इखार ने शिविर के सात दिवसीय गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने रासेयो इकाई को शिविर के सफल आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने सभी स्वयंसेवकों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर में भाग लेने से आप के व्यक्तित्त्व का सर्वांगिण विकास होता है। चंद्रभान सारथी जी ने स्वयंसेवकों द्वारा शिविर में किए गए स्वच्छता कार्यों की विशेष रूप से सराहना की।

- 5 हजार से ज्यादा रामभक्तों ने एक साथ की महाआरती, भगवान राम के गीतों पर थिरके भक्त

# 54 हजार दीयों से जगमगाया खुर्सीपार का दशहरा मैदान, रामायण पाठ, हनुमान अष्टक के साथ विष्णु के कच्छप रूप को पूजा

हनुमान चालीसा सेवा समिति खुर्सीपार द्वारा खुर्सीपार जोन-2 स्थित दशहरा मैदान में शुक्ल पक्ष द्वादशी हरि विष्णु के अवतार कच्छप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर श्रीराम पूजा, रामायण पाठ, हनुमान अष्टक, पांच कुन्डील यज्ञ शाला में हवन-पूजन किया गया। 54 हजार से ज्यादा दीप जलाए गए। इस अवसर पर अयोध्या में राम मंदिर की वर्षगांठ का भी जश्न मनाया गया। श्रीमद भागवत गीता प्रचार संघ ने इस अवसर प्रस्तुदि दी। हरिओम ललिता महिला भण्डली ने विष्णु सहस्त्र जाप किया। 5 हजार से ज्यादा राम भक्तों ने एक साथ महाआरती की।

**भिलाई।** आयोजन में सांसद विजय बघेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर 5000 से ज्यादा भक्तों ने महाआरती की। इस अवसर पर आयोजन समिति ने राममंदिर निर्माण के लिए अयोध्या गए कारसेवकों का सम्मान किया। समिति अध्यक्ष सुनील सिंह ने आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कारसेवकों द्वारा किए गए कामों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में सुभाष सिंह, राम कुमार, अरुण सिंह, रंजीत कुमार, लेखराम, अभिषेक पाण्डेय, विकास कुमार, सरनजीत सिंह, अशेल गुप्ता, कन्हैया प्रसाद यश सहित अन्य उपस्थित थे। दो दिवसीय इस आयोजन में सुबह 10 बजे भगवान राम की पूजा से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद अखंड रामायण पाठ हुआ। अगले दिन अखंड रामायण समाप्ति के बाद हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक का आयोजन हुआ। सुबह साढ़े 10 बजे से पांच कुंडीय यज्ञ और हवन किया गया। इसके बाद गीता प्रचार संघ और हरिओम ललिता महिला मंडली ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शाम साढ़े 6 बजे भक्तों ने महाआरती की। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर अयोध्या में राम मंदिर स्थापना का जश्न मनाया गया।







### देर रात तक झूमते रहे भक्त भगवान राम का जयघोष

इस अवसर पर 54000 से ज्यादा दीप प्रज्वलित किए गए। इस दौरान रामभक्तों ने जयघोष किया। साथ ही तय किया कि प्रतिवर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जाएगा। शुक्ल पक्ष द्वादशी पर आयोजन किया जाना तय किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें राम भक्त झूमते नजर आए। आयोजन में हजारों रामभक्त शामिल हुए। इस अवसर पर महाप्रसादी वितरण भी किया गया। विधि-विधान से सारे संस्कार संपन्न कराए गए।



# विवेकानंद के जीवन पर वृत्त चित्रपट का प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ी गानों की भी प्रस्तुति

**भिलाई।** सिविक सेंटर में भिलाई विकास मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित वृत्त चित्रपट का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी नृत्य-संगीत का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मोहित और उनकी टीम ने सुमधुर गीत प्रस्तुत करके समां बांधा। आयोजन में सांसद विजय बघेल प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम में राजनीतिक सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में विशेष स्थान रखने वाले युवाओं तथा नागरिकों ने भाग लिया। नितेश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे आदर्श हैं। उन्होंने दुनिया के सामने यह नारा दिया था कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। जिस देश का युवा सकारात्मक रास्ते पर चलता है, वह देश आगे बढ़ता है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि स्वामी के आदर्श अनुकरणीय हैं। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के उपदेशों का अध्ययन करना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के रास्ते पर चलकर के हम देश और समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। मैं भिलाई के लोगों के साथ राजनीतिक नहीं पारिवारिक संबंध स्थापित करता हूं। पद आज है कल नहीं रहेगा किंतु हमारे संबंध हमेशा रहेंगे। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि युवा वह है जो चुनौती को स्वीकार करता है, जो सागर की लहरों के सामने सीना तान के खड़ा हो सकता है। उन्होंने विवेकानंद के उन वाक्यों को दोहराया जिसमें उन्होंने कहा था उठो, जागो, आगे बढ़ो और तब तक मत रुको जब तक ध्येय प्राप्त न हो जाए।





विवेकानंद ने कहा था हर अच्छे काम में तीन बातों से गुजरना होता है। पहला है-उपहास दूसरा है विरोध और तीसरा है सहयोग। कार्यक्रम में राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी भारतीय युवा मोर्चा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से मनोज ठाकरे, नीति चौरसिया आदि मौजूद थे।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मनाया



**दुर्ग।** श्री शिव हनुमान मंदिर गंजपारानाका चौक में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विगत 11 जनवरी 2025 को प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मंदिर में मनाया गया। मंदिर में सुबह से ही भक्तो का भीड़ लगा रहा, संगीतमय सुन्दर काण्ड का पाठ व भव्य हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं महाआरती की गई, तत्पश्चात भण्डारा प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में राम रसोई प्रमुख व सनातन धर्म परिषद के जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, उपाध्यक्ष राकेश महोबिया, सचिव रीता पाडेय, महिला अध्यक्ष अनोखी शर्मा व पूर्व पार्षद अल्का बाघमर थी। वहीं मुख्य रूप से अध्यक्ष शिवलाल बन्धकारी, किशोर साहू, बाँके मिश्रा, पार्षद इंद्राणी, कुलेश्वर साहू, मनोज श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद विष्णु साहू, अशोक मेहरा (पूर्व पार्षद) खुमान साहू, नाथू राम, राजाराम जलतारे, शिवांश साहू दिपेश जलतारे (बौव्वा) डॉ घनश्याम साहू, लक्की अग्रवाल, शैलेन्द्र गुप्ता, दीपक यादव, रामनाथ यादव, संतु यादव, शिव सिन्हा, ओमप्रकाश प्रसाद, दिलीप जलतारे एवं सभी कार्यकर्तागणों ने सहयोग प्रदान किया।

**कार्नर न्यूज**

शिक्षाविद ने केंद्र और राज्य शासन से शिक्षा व्यवस्था में सुधार की रखी मांग

# वर्तमान शिक्षा प्रणाली विकृति पैदा करने वाली, नई में लक्ष्य व्यवहार जैसी किताबों को शामिल करने से होगा सुधार



**भिलाई।** शिक्षाविद और एचएससीएल के सेवानिवृत्त अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने नई शिक्षा नीति में और अधिक सुधार की मांग की है। उन्होंने वर्तमान, पुरानी और प्राचीन शिक्षा व्यवस्था के अध्ययन के आधार पर निष्कर्ष निकाला है। उन्होंने इसे लेकर 12 से ज्यादा ऐसी किताबों को नई शिक्षा प्रणाली में शामिल किए जाने की मांग की है। उन्होंने लक्ष्य, लोक व्यवहार, बड़ी सोच का बड़ा जादू, सोचें और अमीर बनें, अवचेन मन की शक्ति, रहस्य, रिच डेड पुअर डेड, कैश फ्लो क्वार्डट, कॉपी कैट मार्केटिंग, प्रॉब्लम ऑफ पाइपलाइन, लोक व्यवहार, क्या आपका डॉक्टर पोषक तत्वों के बारे में जानता है, आदर्श स्वास्थ्य जैसी बहुमूल्य किताबों का अवलोकन किया है। ये किताबें नई शिक्षा व्यवस्था में खासा बदलाव ला सकती हैं। इन पुस्तकों को पढ़ना अति आवश्यक है। इसे स्कूल, कॉलेज के पढ़ाई के कार्यक्रम में समाहित करना अति आवश्यक है।

### सकरात्मक सोच विकसित करने किए जाएं निरंतर प्रयास

दुबे ने अपने ज्ञापन में कहा कि सकरात्मक सोच विकसित करना वर्तमान समय की जरुरत है। समाज में इतनी नकरात्मकता फैल रही है, इस पर अंकुश लगाने की जरुरत है। इसके लिए 10 वाक्य ऐसे हैं, जिन्हें दिन में कम से कम 20 बार 90 दिनों तक दोहराना चाहिए। इसमें मैं सबसे अच्छा हूं, मैं इसे कर सकता हूं, मैं स्वस्थ और मजबूत हूं, अनुशासिक और जवाबदेह हूं। जीवन में मिली हर चीज के लिए मैं आभारी हूं, जीवन में जो भी हो रहा है, उसके लिए मैं ही जिम्मेदार हूं, आज का दिन मेरा दिन हहै। ईश्वर मेरे साथ हैं, मैं एक बेहतर इंसान बन रहा हूं। मैं महत्वपूर्ण व्यक्तियों की संगत कर रहा हूं।

### एजुकेशन सिस्टम से उठते सवाल, इनका जवाब जरूरी

दुबे ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली के सामने कई प्रश्न हैं, जिनका जवाब किसी के पास नहीं है। आप बच्चों को क्या पढ़ा रहे हैं, क्या बच्चों की सोच बन रही है। समाज और देश के लिए हम क्या कर रहे हैं, निम्न स्तर की घटनाएं आखिर क्यों हो रही हैं। वर्तमान शिक्षा प्रणाली आखिर क्यों व्यावसायिक और पेशेवर प्रशिक्षण दे रही हैं, इंसानी गुणों का विकास क्यों नहीं हो रहा। शिक्षा का प्रयोजन क्या है, जबकि टेक्नोलॉजी हर काम में सक्षम होते जा रही है। दुबे ने कहा कि शिक्षा रोजगारोन्मुखी न होकर जीवनोपयोगी होनी चाहिए। उन्होंने जिन किताबों का जिक्र किया है, उनमें इस तरह के कई सवाल खड़े हो रहे हैं, इसका जवाब हर नागरिक के लिए आवश्यक है। इसलिए नई शिक्षा प्रणाली में ऐसी किताबों को समाहित करना आवश्यक है। इस दिशा में प्रयास हो, तो हम अपनी संस्कृतिक और समाज को बेहतर कल दे सखेंग। अन्यथा हमारा पतन लगातार होते जाएगा।

### ज्वलंत विषयों को जानना आवश्यक

दुबे ने का कि कुछ ऐसे ज्वलंत विषय हैं, जिनके बारे में देश के हर व्यक्ति को जानना चाहिए। इसमें वर्ष 1947 में अखिल भारतीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के चयन की वैधानिकता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने अंग्रेजों से आजादी किन शर्तों में स्वीकार की, पाकिस्तान का बंटवारा, जम्मू कश्मीर में धारा 370 और 35A लागू किया जाना, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पीओके क्यों बना, कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) में ले जाया जाना, आजादी के बाद भी अंग्रेजों की मेकाले की शिक्षा प्रणाली को लागू किया जाना, संविधान में भारतवासियों को एक नामकरण भारतीय न देकर अलग-अलग नामों में बांटा जाना, समानता के अधिकार के स्थान पर समाज के हर क्षेत्र, वर्ग में भेदभाव का प्रावधान, आरक्षण का प्रावधान, जन प्रतिनिधि, राजनेता के लिए योग्यता का पैमाना, सरकारी नौकरी की तरह जनप्रतिनिधि, राजनेता, संवैधानिक पद के लिए चरित्र प्रमाण पत्र की अनिवार्यता क्यों नहीं, कानून तोड़ने वालों को कानून बनाने का अधिकार जैसे विषय शामिल हैं।

## सिटी इवेंट

# दुर्ग जिला अस्पताल ने बनाया रिकार्ड, गोल्डन बुक में नाम दर्ज




**भिलाई।** हेल्थ फेडरेशन से जुड़ी डॉ. विनीता धुर्वे द्वारा सबसे ज्यादा ट्विंस बेबी डिलीवरी कराए जाने पर को उनका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट सांसद विजय बघेल और गोल्डन बुक के मेंबर नवल राठी ने प्रदान किया। सांसद ने इसे गौरव की बात बताया। डॉ. विनीता धुर्वे को शुभकामनाएं दीं। बता दें कि डॉ. विनीता धुर्वे ने 102 जुड़वा बच्चों की डिलीवरी कराने का रिकॉर्ड बनाया है। डॉ. विनीता ने अब तक करीब 1,500 बच्चों की डिलीवरी कराई है। लंबे समय से वे जिला अस्पताल में सेवाएं दे रही हैं। अस्पताल में पहली बार ऑपरेशन के ज़रिए तीन बेटियों का जन्म भी हुआ था। मध्य प्रदेश के रीवा की रहने वाली निशा मिश्रा को प्रसव पीड़ा उठने पर अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उसने तीन स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। जिला अस्पताल दुर्ग का यह अपने तरह का पहला रिकार्ड है, जिस वजह से इसे गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड में शामिल किया गया है।

- 102 से ज्यादा जुड़वा बच्चे ले चुके हैं जन्म

## सिटी लाइव

# लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी में गवर्नर की अधिकारी की यात्रा आज



**भिलाई।** सतना से पधारे लायंस क्लब 3233 सी के गवर्नर सुधीर अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान लायंस क्लब दुर्ग सिटी के सालभर की गतिविधियों का मूल्यांकन करने 14 जनवरी को आ रहे हैं। उनका भव्य स्वागत अध्यक्ष सुमन पांडे, सचिव रश्मि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजया देवी सुराना के साथ सभी लायन साथियों द्वारा की जाएगी। उनके करकमलों से बालोद जिला के जेवरातला कॉलेज में सेनेटरी पेड वेंडिग मशीन का प्रदान किया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की बच्चियां लाभान्वित होंगी। इसके बाद उन्हें क्लब के स्थाई प्रकल्प बोरसी स्थित मानवता शाला में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के मीटिंग के बाद शाला के बच्चों को जरूरत की सामग्री वितरित की जाएगी। इसके बाद क्लब के यात्री प्रतीक्षालय एवं प्याऊ घर का अवलोकन करने के बाद सागर होटल में बैठक होगी। यह जानकारी प्रोजेक्ट डायरेक्टर हरमीत सिंह भाटिया ने दी।

## लाइव इवेंट

# काव्यगोष्ठी में साहित्यकार सुरेश चन्द्र सिंह के कार्य किए गए याद




**दुर्ग ।** वरिष्ठ साहित्यकार एवं अविभाजित मध्यप्रदेश में कनिष्ठ सेवा चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्व. सुरेश चंद्र सिंह के जन्मदिन पर उनके स्मृति में सुराना कॉलेज के सभागार में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया है। काव्यगोष्ठी में कवि डॉ. निर्वाण तिवारी, रवि श्रीवास्तव, गुलबीर सिंह भाटिया, डॉ. संजय दानी, ताराचंद शर्मा, श्रीमती विद्या गुप्ता, किरण सोमवंशी, संजीव तिवारी ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। काव्यगोष्ठी में वात्सल्य रस, वीर रस एवं अन्य रस की कविताओं ने श्रोताओं की जमकर तालियां बटोरी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार, आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, समाजसेवी अमरचंद सुराना के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि भी काव्यगोष्ठी का हिस्सा बने। जनप्रतिनिधियों ने स्व. सुरेश चंद सिंह के साथ बिताए पलों को याद किया और उन्हें बहुप्रतिभा के व्यक्तित्व का धनी बताया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं कवियों द्वारा स्व. श्री सिंह के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की गई। यह काव्यगोष्ठी वरिष्ठ साहित्यकार एवं अविभाजित मध्यप्रदेश में कनिष्ठ सेवा चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्व. सुरेश चंद्र सिंह के पुत्र अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह और संजय सिंह द्वारा आयोजित की गई। संचालन युवा साहित्यकार शिवाकांत तिवारी ने किया। इस अवसर पर संजय सिंह, साकेत सिंह, इंदिरा सिंह, ममता सिंह, प्रिया सिंह, प्रवीण तिवारी, पूजा मल्होत्रा, पूर्व पार्षद भोला महोबिया,अलताफ अहमद, श्रीकांत समर्थ, प्रकाश जोशी, धनेन्द्र सिंह चंदेल, अखिलेश अग्रवाल, अनीश अहमद, जितेन्द्र तिवारी, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव रविशंकर सिंह,उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव पांडेय, गिरिजाशंकर सिंह, ललित आडिल, गोपाल साहू, गौरव उमरे के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

- वात्सल्य रस, वीर रस एवं अन्य रस की कविताओं ने जमकर बटोरी तालियां



● सेक्टर-2 मंदिर परिसर में आयोजन, गोबर का बनाया गोवर्धन पर्वत, 56 भोग भी लगाया

# बाल कृष्ण की लीलाओं को सुन झूमें भक्त, पांचवें दिन पूतना वध माखन चोरी, गोवर्धन पर्वत उठाने के प्रसंग ने किया भावविभोर

**भिलाई।** सम्प्रति सेवा समिति भिलाई के तत्वावधान में रामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से कथा का रसपान कराया जा रहा है। सोमवार को भगवान कृष्ण की लीलाओं का प्रसंग सुनाया गया। आचार्य पं. संदीप तिवारी ने कथा के पांचवे दिन पूतना वध, संकटासुर, तृवावर्त वध, बाल कृष्ण के माखन चोरी लीला, गोवर्धन पर्वत सहित अन्य प्रसंगों का विस्तार पूर्वक बखान किया। बाल कृष्ण की माखन चोरी लीला की झांकी देखकर उपस्थित श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में भाव विभोर हो उठे। सोमवार को कथावाचक आचार्य संदीप तिवारी ने गोवर्धन लीला का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि गोवर्धन का अर्थ है गोबर का धन। इंद्रदेव अपने बल और पद के कारण लोगों से अपनी पूजा करवाते थे।र उनकी बात न मानने पर ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप का सामना करना पड़ा था।







### आज मनाई जाएगी संक्रांति, बताया महत्व

सभी समाज द्वारा मनाए जाने वाला पर्व मकर संक्रांति के महत्व को बताते हुए आचार्य संदीप तिवारी ने बताया कि इस दिन से ही सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करता है और इस दिन पृथ्वी पर सूर्य की ऊर्जा अधिक होती है और पितरों को जल और तिल से विधि पूर्वक तर्पण कर दान पुण्य करने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है साथ ही पितृ दोष से मुक्ति भी मिलती है। उन्होंने आशीर्वाद शब्द का अर्थ भी बताया।





### इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए उठाया गोवर्धन पर्वत

देवराज इंद्र के कहने पर पूरे ब्रज में भीषण वर्षा हुई। इंद्र के इस कृत्य को देखकर कृष्ण ने उसके अभिमान को तोड़ने व ब्रजवासियों, पशु-पक्षियों को सुरक्षित करने गोवर्धन पर्वत को अपने बाएं हाथ की कनिष्ठ अंगुली से उठाया और ब्रजवासियों का उद्धार किया। आचार्य ने वासना रुपी राक्षसी पूतना, मन रुपी तृणावर्त व भोग रुपी सकटासुर का वध कर इनके उद्धार की कथा सुनाई। वासना रूपी पूतना के मरने के बाद ही प्रभु प्राप्ति के मार्ग खुलते है। भागवत कथा के पांचवे दिन कि कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं को झांकी द्वारा चित्रण किया गया। कथावाचक ने बताया कि कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत 7 दोनों तक उठाने और 56 भोग ही क्यों लगाया जाता है, इस प्रसंग को विस्तार से बताया। इस अवसर पर भक्तों द्वारा लाय गए व्यंजनों के साथ ही 56 भोग अर्पित किया।

## आयोजन

# जप, तप, यज्ञ, हवन और अनुष्ठान कर गुरु को किया याद, सांसद-विधायक हुए शामिल





**दुर्ग।** संत पंडित राजन शर्मा की स्मृति पर संस्मरण सभा का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया। आयोजन में शांतिकुंज हरिद्वार से आए कालीचरण शर्मा, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर जप, तप, यज्ञ, हवन सहित अन्य अनुष्ठान हुए। लगातार 33 वर्षों से हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ जीवनदानी शांतिकुंज हरिद्वार में अपनी सेवा देने वाले संत कालीचरण शर्मा का इस आयोजन विशेष प्रवचन हुआ। उन्होंने पं. राजन शर्मा से जुड़ी अनेक बातों को याद किया और कहा इस धरती पर संत राजन शर्मा जैसा संत होना अति दुर्लभ है।

संस्मरण सभा में सांसद विजय बघेल ने कहा कि विगत 30 वर्षों से अधिक समय से राजन महाराज का लगातार सानिध्य कर रहा हूं। उनका प्रत्यक्ष आशीर्वाद और मार्गदर्शन मुझे सदा प्राप्त होता रहा है। जब भी उनसे जुड़े किसी भी कार्य हेतु मुझे आदेश होगा, इसके लिए वे सहर्ष तैयार हैं। गजेंद्र यादव ने कहा कि वे सरल, सहज, मिलनसार, मृदुभाषी थे। वे अनेक गुणों के धनी थे, जो एक बार संत राजन शर्मा का दर्शन करता था या उनसे मिलता था, वह उन्हीं का हो जाया करता था।

ऐसे संत दुनिया में कभी-कभी ही जन्म लेते हैं। राजन शर्मा को मानने वाले देश ही नहीं विदेशों में भी हैं। इस आयोजन में स्विट्जरलैंड से मेटे ब्रांट, हनु से जुड़े। उन्होंने भी महाराज राजन से जुड़े संस्मरण सुनाए। डॉ. ओम तिवारी, कृष्ण कुमार विनोद, साईं प्रसादालय से संत मुकेश तिवारी, प्रफुल्ल संचेती, पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार, डॉ एके सिंह, राजेश ताम्रकार, डामन लाल वर्मा, रजनी ताम्रकार सहित अन्य ने उन्हें श्रद्धा सुमन व्यक्त किए। संयोजन मंगलम दास ने किया।

**शांतिकुंज हरिद्वार से आए आचार्यों और संतों ने संपन्न कराए सारे संस्कार**

## संगीत स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

# फाइनल राउंड में स्वीटी, कार्तिका आकृति और निमित ने मारी बाजी




**भिलाई।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भिलाई बंगाली समाज (बीबीएस) द्वारा ऑल छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को फाइनल राउंड के बाद विजेताओं की घोषणा की गई। बीएसपी आदर्श मीडिल स्कूल सेक्टर-7 भिलाई में दो दिवसीय ऑल छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस संगीत प्रतियोगिता में बच्चों ने रबीन्द्र संगीत, आधुनिक, भक्ति गीत, लोकगीत, नजरूल गीत आदि की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बच्चों को चार ग्रुप में बांटा गया था। इसमें ग्रुप ए में कक्षा दूसरी से 5 वीं, ग्रुप बी में कक्षा 6 वीं से 8 वीं, ग्रुप सी में कक्षा 9वीं से कक्षा 11 वीं और ग्रुप डी में कक्षा 12 वीं व अन्य लोग शामिल होकर अपनी प्रस्तुति दी। रविवार को फाइनल राउंड के बाद विजेताओं प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की गई। विजेता प्रतिभागियों का सम्मान 23 जनवरी ओपर एयर थिएटर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा।

**ऑल छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का आयोजन**



### विजेताओं के नाम घोषित, सम्मान

ग्रुप ए में स्वीटी मैती प्रथम, प्रिशिता उमरे द्वितीय, आराध्या त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रही। जग्गोसेनी सान्याल, अरुंधति रॉय और पी ज्ञानवी आद्या को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। ग्रुप बी में प्रथम कार्तिका तिवारी, सौम्यजीत चक्रवर्ती द्वितीय, अक्षिता प्रसाद तीसरे स्थान पर रहे। संचली दास, शिरसाजीत संतरा और सोनाक्षी बिस्वास को स्वांतना पुरस्कार। ग्रुप सी में प्रथम आकृति दत्ता, अन्वेषा गुप्ता द्वितीय, निधि दत्ता तीसरे स्थान पर रही। अनन्या साहू सांत्वना पुरस्कार। ग्रुप डी में प्रथम निमित मटियारा, श्रुति साहा घोष द्वितीय, लवली पॉल तीसरे स्थान पर रही। अस्मिता मुखर्जी और तारा शंकर दत्ता को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

## कार्नर न्यूज

जनप्रतिनिधियों ने दर्शन कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए की कामना

# रामदेव बाबा दरबार में भक्ति संगीत में झूमे भक्त, विशाल भंडारा का भी आयोजन



**दुर्ग ।** पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित रामदेव बाबा दरबार में चालीसगांव महाराष्ट्र के अवतारी संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी की 24वीं पुण्यतिथि मनाई गई। रामदेव बाबा दरबार में सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक गौरव बजाज द्वारा गुरुदेव सोहनलाल बापजी के जीवन पर आधारित संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्रद्धालु इस संगीतमय आयोजन में मंत्रमुग्ध होते रहे। भजनों की धुन में नाच-गाकर श्रद्धालुओं ने बापजी के प्रति अपनी श्रद्धा-भक्ति प्रकट की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि भी दर्शन के लिए रामदेव बाबा दरबार पहुंचे। पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, जन समर्पण सेवा संस्था प्रमुख बंटी शर्मा, कांग्रेस नेता राहुल शर्मा, भाजपा नेता संजय बोहरा, सुनीता बोहरा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की।



### विशाल भंडारा का आयोजन, हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

दोपहर बाद महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया। महाप्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर मेले जैसा माहौल रहा। इस दौरान रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर के प्रमुख रमेश कुमार जैन, पायल जैन, मनीष जैन, प्रवीण पींचा, प्रवीण पारख, गौरव बजाज, गौरव पींचा, राकेश धाड़ीवाल, महावीर बाफना, मोंटी सोनी, प्रशांत शर्मा, आशीष सोनी, गूंजा पींचा के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। गुरुदेव सोहनलाल बापजी के पुण्यतिथि पर दुर्ग-भिलाई के अलावा अन्य जिलों से श्रद्धालू बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिससे दरबार में दिनभर मेला का माहौल रहा।

### पूरे दिन भक्तों का लगा रहा रेला सांस्कृतिक आयोजन भी हुए



इस अवसर पर पूरे दिन भक्तों का नवकार परिसर पहुंचना चलता रहा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भक्त थिरकते नजर आए। इस अवसर पर सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद बापजी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चमत्कारी घटनाओं का उल्लेख किया गया। उनकी परम शिष्या शांतादेवी बापजी से लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने संत गुरु के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उनके जीवन पर आधारित गीत-संगीत का आयोजन किया गया।

सिटी स्पोर्ट्स

## मेंस फिजिक स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भरत ने हासिल किया चौथा स्थान



**रायपुर।** एमपी बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन और आईबीबीएफ के तत्वाधान में जूनियर मिस इंडिया और मेन्स फिजिक स्पोर्ट्स की प्रतियोगिता इंदौर में हुई। बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि रायपुर के भरत मंडावी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया।अजित कांसकर ने बेस्ट ऑफ टेन में जगह बना छठवां स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में देश भर के 300 खिलाड़ी और ऑफिशियल ने भाग लिया।इ प्रतियोगिता जूनियर मिस्टर इंडिया विभिन्न वजन वर्गों के आधार पर एवं मेन्स फिजिक स्पोर्ट्स हाइट के आधार पर किया गया। भरत मंडावी रेड कलर की कॉस्टयूम पहने प्रदर्शन कर रहे है। इस अवसर पर दक्षिण विधानसभा रायपुर के विधायक सुनील सोनी बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला हरिवल्लभ अग्रवाल प्रोटीन विला के मालिक दुर्गेश साहू जिम एसोसिएशन के सचिव पोषण बांधे छग कुश्ती के कोच पीतांबर पटेल ने बधाई दी।

## छग से अनीस-टिकेश्वरी साउथ एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के रेफरी





**रायपुर।** एसजीएफआई से मान्यता प्राप्त खेल रही थाई बॉक्सिंग की राष्ट्रीय संस्था थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन एवं मध्यप्रदेश थाई बॉक्सिंग संघ द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक-बालिका) वर्ग की द्वितीय साउथ एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन एशियन थाई बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में 17 से 19 जनवरी 2025 को भोपाल में किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में थाई बॉक्सिंग इंडियन फेडरेशन द्वारा छत्तीसगढ़ से 2 निर्णायक को आमंत्रण मिला है। इसमें रायपुर से अनीस मेमन और दंतेवाड़ा से टिकेश्वरी साहू निर्णायक में शामिल हैं।

छग थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव लखन कुमार साहू ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में विदेशी खिलाड़ियों के अलावा भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों के चयनित थाई बॉक्सर भाग लेंगे। जिस वजन वर्ग में विदेशी खिलाड़ी नहीं होंगे उसकी पूर्ति भारतीय खिलाड़ियों से की जाएगी। छग शासन खेल विभाग से शहीद विनोद चौबे सम्मान 2019 से सम्मानित छग थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष राजधानी रायपुर के अनीस मेमन चीफ जज नियुक्त किए गए हैं साथ ही अनीस मेमन प्रतियोगिता के टेक्निकल एडवाइज़र का दायित्व निर्वहन भी करेंगे। थाई बॉक्सिंग खेल में छ ग की पहली एशियन रेफरी, खेल एवं युवा कल्याण दंतेवाड़ा (बस्तर) की थाई बॉक्सिंग कोच कु टिकेश्वरी साहू को द्वितीय साउथ एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रेफरी नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि खेल एवं युवा कल्याण दंतेवाड़ा की थाई बॉक्सिंग कोच कुमारी टिकेश्वरी साहू को भारतीय बालिका थाई बॉक्सिंग दल के कोच की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। टिकेश्वरी साहू उक्त अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सीनियर वर्ग में खिलाड़ी के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ भारतीय बालिका कोच एवं निर्णायक की महत्वपूर्ण तिहरी जिम्मेदारी वहन करेंगी।

## जानिए क्या है हार्ट अटैक और स्ट्रोक में अंतर

देश में पिछले कुछ वर्षों में हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक दोनों के ही मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। ये



दोनों ही स्थितियां गंभीर और जानलेवा मानी जाती हैं, जिसके कारण हर साल दुनियाभर में लाखों लोगों की मौत हो रही है। ऐसे में आपके लिए जानना जरूरी हो जाता है कि इन दोनों में क्या अंतर है और इनकी पहचान कैसे की जा सकती है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हार्ट अटैक हो या स्ट्रोक इन दोनों ही समस्याओं के लिए जिन दो कारणों को सबसे ज्यादा जिम्मेदार माना जाता है वह हैं- हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल। उच्च रक्तचाप रक्त वाहिकाओं की दीवारों को नुकसान पहुंचाने लगती है जिससे इनके फटने और रक्तस्राव का खतरा होता है। इसके कारण स्ट्रोक और हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ जाता है। इसी तरह से हाई कोलेस्ट्रॉल धमनियों में वसा का जमाव बढ़ाने लगती है जिससे मस्तिष्क और हृदय में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है।

अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम जरूरी

# क्या आपके लिए भी अच्छी नींद पाना हो गया है मुश्किल? जानिए क्या है इसकी असली वजह, कैसे पाएं आराम

अनिद्रा क्या किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का कारण है या इसकी वजह से आपको कोई गंभीर बीमारी हो सकती है? नींद की समस्याओं से छुटकारा कैसे पाया जा सकता है, आइए इन सबके बारे में विस्तार से समझते हैं। अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है रोज रात में अच्छी और गहरी नींद लेना। तमाम अध्ययनों से पता चलता है कि वयस्कों को रोजाना रात में कम से कम 6-9 घंटे की गहरी नींद जरूर लेनी चाहिए। एक रात भी अगर आपकी नींद पूरी नहीं होती है तो अगले दिन सेहत पर इसका दुष्प्रभाव हो सकता है। क्या आप अच्छी नींद ले पा रहे हैं?



### नींद न आने की समस्या (अनिद्रा)

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक बनाए रखने के लिए अच्छी नींद की जरूरत होती है। नींद के दौरान शरीर में कई प्रकार की रासायनिक क्रियाएं होती हैं, हार्मोन्स उत्पादित होते हैं जो आपको स्वस्थ रखने और तरोताजा बनाए रखने में मदद करते हैं। हालांकि आधुनिक जीवनशैली, तनाव और अन्य कई कारकों के कारण बहुत से लोग नींद न आने की समस्या से जूझ रहे हैं। यह समस्या न केवल थकावट का कारण बनती है, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का रूप भी ले सकती है। दीर्घकालिक रूप में इसके कारण हापरटेंशन और अवसाद जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

### नींद न आने की समस्या कई तरह से नुकसानदायक

नींद विकारों की समस्या कई प्रकार से आपकी शारीरक और मानसिक सेहत को प्रभावित करने वाली हो सकती है। अनिद्रा की दिक्कत बने रहने के कारण थकान और ऊर्जा की कमी तो होती ही है साथ ही आपकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने,मोटापा और हृदय रोग की समस्या, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज का जोखिम भी बढ़ जाता है।

### नींद की गोलियों की न बनाएं आदत

अक्सर लोग नींद की समस्याओं को दूर करने के लिए 'मेलाटोनिन' टेबलेट लेना शुरू कर देते हैं। मेलाटोनिन एक हार्मोन है जो आपका मस्तिष्क अंधेरे के प्रति प्रतिक्रिया में पैदा करता है। यह आपके सर्कैडियन रिदम (आंतरिक घड़ी) और नींद में मदद करता है। बाजार में मेलाटोनिन के स्तर को कंट्रोल करने के लिए कई टेबलेट मौजूद हैं। यह सप्लीमेंट मस्तिष्क में पीनियल ग्रंथि द्वारा स्वाभाविक रूप से उत्पादित हार्मोन का एक सिंथेटिक वर्जन होते हैं जो नींद लाने में मददगार हो सकते हैं। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस सप्लीमेंट पर निर्भर होने से बचना चाहिए।



### कैसे पाएं आराम?

विशेषज्ञ कहते हैं, दवाओं पर निर्भर होने की जगह स्लीप हाइजीन में सुधार करें। इसके लिए रोज सोने का एक समय रखना, अपने दिमाग को आराम देने वाले उपाय जैसे मेडिटेशन-अच्छे संगीत सुनना, शरीरिक रूप से सक्रिय रहना और सोने से कम से कम एक घंटे पहले स्क्रीन या डिवाइस से दूर रहना शामिल है। समय पर न सोना और जागना, काम के घंटे बदलना या रात को देर तक काम करना नींद के चक्र को प्रभावित करता है। मोबाइल-कंप्यूटर जैसे उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को बाधित करती है, जिससे नींद नहीं आती। इनमें सुधार जरूरी हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव

मानसिक स्वास्थ्य पर भी नींद की कमी के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसके कारण आपको एकाग्रता और याददाश्त कमजोर होने, अवसाद और चिड़चिड़ापन की समस्या होने, उत्पादकता में कम का जोखिम रहता है। लंबे समय तक नींद की दिक्कत बने रहने के कारण डिमेंशिया और अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।



## फ्लू और एचएमपीवी के ज्यादातर लक्षण एक जैसे फिर कैसे करें इनमें अंतर

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) इन दिनों दुनियाभर के विशेषज्ञों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। चीन से शुरू हुआ इस वायरस का संक्रमण अब तक भारत-अमेरिका सहित कई देशों में फैल चुका है। संक्रमण के ज्यादातर शिकार बच्चे, बुजुर्ग और कमजोर इम्युनिटी वाले लोग हो रहे हैं। एचएमपीवी के संक्रमण की स्थिति में ज्यादातर लोगों में लक्षण हल्के स्तर की ही देखे जाते हैं और ये बिना उपचार के आसानी से ठीक भी हो जाता है। कोमोरबिडिटी के शिकार या फिर जिन लोगों को पहले से अस्थमा या ब्रोंकाइटिस जैसी श्वसन समस्याएं रही हैं, उनमें इसके कारण रोग को गंभीर रूप लेने का जोखिम जरूर हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एचएमपीवी पहले भी फैलता रहा है। इस बार वायरस में दो नए म्यूटेशन हुए हैं जिसके कारण इसमें कुछ परिवर्तन देखे जा रहे हैं। संक्रमण के बढ़ते मामलों के लिए इन्हीं म्यूटेशनों को जिम्मेदार माना जा रहा है। अध्ययनकर्ता बताते हैं, एचएमपीवी हल्के स्तर के रोग वाला संक्रमण रहा है, जिसमें फ्लू जैसी समस्याएं (सर्दी-जुकाम, गले में खराश और बुखार) होती हैं। चूंकि सर्दियों में फ्लू के मामले भी बढ़ जाते हैं, ऐसे में सवाल ये है कि सामान्य फ्लू और एचएमपीवी में कैसे अंतर किया जा सकता है?

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ?**

श्वसन रोग विशेषज्ञ बताते हैं, एचएमपीवी पुराना वायरस है और पहले भी इसके मामले देखे जाते रहे हैं। कई बार बच्चों को ये संक्रमण हो जाता है और इसका पता भी नहीं चलता।




वायरस और बैक्टीरिया की जांच के लिए किए जाने वाले टेस्ट में कई बार एचएमपीवी पॉजिटिव आ जाता है। चूंकि, इसके लक्षण फ्लू की तरह ही होते हैं, इसलिए इस खास संक्रमण पर ध्यान नहीं जाता है। इस बार चूंकि वायरस में म्यूटेशन हुआ है जिसके कारण इसकी संक्रामकता बढ़ी है, यही कारण है कि ये काफी चर्चा में भी है।

### दोनों के लक्षण एक जैसे

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एचएमपीवी एक आरएनए वायरस है जो समय के साथ-साथ म्यूटेट होता रहता है। इस श्वसन संक्रमण के अधिकतर लक्षण आरएसवी (रेस्पिरेटरी सिन्सिटियल वायरस) और इन्फ्लूएंजा जैसे अन्य वायरसों के समान होते है। यही कारण है कि फ्लू की तरह एचएमपीवी के कारण भी लोगों में खांसी, गले में खराश, नाक बहने-बंद नाक और सांस लेने में तकलीफ जैसी दिक्कतें हो रही हैं। चूंकि सर्दी के मौसम में खांसी-जुकाम होना बहुत आम है, ऐसे में अगर किसी को इन दिनों फ्लू जैसी दिक्कतें हो रही हैं तो कैसे पता किया जाए कि ये सामान्य फ्लू है या एचएमपीवी का संक्रमण?

**कैसे करें फ्लू और एचएमपीवी में अंतर?**

श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ रवि प्रकाश कहते हैं, एचएमपीवी और फ्लू दोनों ही श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं और एक जैसे लक्षण ही प्रकट करते हैं ऐसे में इनमें अंतर कर पाना कठिन हो सकता है। हालांकि कुछ चीजें हैं जो इन दोनों को अलग करती हैं। फ्लू किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है जबकि एचएमपीवी के अधिकतर मामले छोटे बच्चे, बुजुर्ग (65 वर्ष से अधिक) और कमजोर इम्युनिटी वालों में रिपोर्ट किए जाते रहे हैं। हालांकि वयस्क भी इसका शिकार हो सकते हैं। एचएमपीवी के कारण अस्थमा और ब्रोंकाइटिस के मामले ट्रिगर हो सकते हैं जबकि फ्लू का स्थिति में इसका खतरा बहुत कम होता है।

## पानी पीते समय बस इस बात का दे लें ध्यान तो डायबिटीज-कैंसर जैसी बीमारियों से भी हो सकता है बचाव

पानी की मात्रा के साथ-साथ इसकी गुणवत्ता का ध्यान रखना भी आपके लिए बहुत आवश्यक हो जाता है। जिस तरह से जल में अशुद्धियां बढ़ती जा रही हैं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि आप साफ और स्वच्छ जल का ही सेवन करें।

अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक आहार का सेवन जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है दिनभर में खूब पानी पीते रहना। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को दिनभर में तीन-चार लीटर तक पानी पीते रहने की सलाह देते हैं। पानी की मात्रा के साथ-साथ इसकी गुणवत्ता का ध्यान रखना भी आपके लिए बहुत आवश्यक हो जाता है। जिस तरह से जल में अशुद्धियां बढ़ती जा रही हैं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि आप साफ और स्वच्छ जल का ही सेवन करें।

हाइड्रोजन युक्त और एल्कलाइन पानी को अपने विशेष स्वास्थ्य संबंधी फायदों के लिए दुनिया भर में पहचान मिल रही है। हाइड्रोजन युक्त पानी में फ्री हाइड्रोजन मॉलिक्यूल्स होते हैं, जिन्हें अपने शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है जो हानिकारक फ्री रेडिकल्स से आपको बचाते हैं।



हाइड्रोजन युक्त पानी और इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ का चर्चा होती रहती है, आइए इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानते हैं।

हाइड्रोजन युक्त पानी पीने के फायदे

हाइड्रोजन (एच2) के कई फायदे हो सकते हैं। माना जाता रहा है कि है कि पानी में अतिरिक्त एच2 मिलाने से आपके स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। कई गंभीर और क्रोनिक बीमारियों के खतरे को कम करने में भी इससे लाभ देखा गया है। लिवर कैंसर से पीड़ित 49 लोगों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि रेडिएशन थेरेपी के दौरान 6 सप्ताह तक हाइड्रोजन युक्त पानी पीने से उपचार के दौरान जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। हाइड्रोजन युक्त पानी रेडिएशन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी आपके लिए मददगार हो सकता है।

## डायबिटीज के मरीजों के लिए न्यूट्रिशनिस्ट ने बताए 5 बेस्ट फूड्स

शुगर के मरीज अगर डायबिटीज को मैनेज कर लें तो कई समस्याओं से बच सकते हैं। जानी-मानी न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया है कि ऐसे कौन से 5 फूड्स हैं जो डायबिटीज के मरीजों के लिए अच्छे होते हैं। डायबिटीज के पेशेंट्स क्या खाएं, क्या नहीं यह बड़ा सवाल है। उन्हें कई चीजों से परहेज करना होता है। शुगर के पेशेंट्स को फाइबर वाली चीजें खानी चाहिए और ऐसी चीजों से बचना चाहिए जो उनका शुगर स्पाइक करें। अगर आप जानना चाहते हैं कि शुगर पेशेंट्स के लिए बेस्ट फूड्स क्या हैं तो यहां जानें ऐसी पांच चीजों के नाम जो डायबिटीज के मरीजों को डायट में शामिल करनी चाहिए। कटरीना कैफ जैसे सिलेब्स की न्यूट्रीशनिस्ट श्वेता शाह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेस्ट फ्रूट, ऑइल, हर्ब, सब्जी और मिलेट बताए हैं जो शुगर लेवल को नैचुरली मैनेज करते हैं।




**फ्रूट :** श्वेता ने डायबिटीज पेशेंट्स के लिए बेस्ट फ्रूट पपीता बताया। पीपेता का ग्लाइसीमिक इंडेक्स कम होता है। साथ ही फाइबर्स और ऐंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा ज्यादा होती है।

**ऑइल :** डायबिटीज के पेशेंट्स के लिए बेस्ट ऑइल श्वेता ने घी को बताया। घी में पाए जाने वाले फैटी एसिड्स ब्लड शुगर को बैलेंस रखते हैं।

**हर्ब :** श्वेता ने बताया कि डायबिटीज के पेशेंट्स के लिए बेल पत्ता बेस्ट हर्ब होता है। बताया जाता है कि खाली पेट 4-5 बेल पत्ते चबाने से इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ती है।

**ग्रेन और सब्जी :** श्वेता ने डायबिटीज के मरीजों के लिए बेस्ट ग्रेन कोदो मिलट बताया। कोदो डायबेटिक फ्रेंडली ग्रेन है। यह प्रोटीन से भरपूर और हाई फाइबर वाला होता है। वहीं बेस्ट सब्जी करेले को बताया।

कार्नर न्यूज

इस तारीख से दिन रोज तिल भर बढ़ने लगते हैं

# मकर संक्रांति पर राशिनुसार करें दान नौकरी में तरक्की और भाग्य में होगी वृद्धि

मकर संक्रांति से सूर्य के उत्तरायण होने पर देवताओं का सूर्योदय होता है और दैत्यों का सूर्यास्त होने पर उनकी रात्रि प्रारंभ हो जाती है उत्तरायण में दिन बडे और रातें छोटी होती हैं। मकर संक्रांति पर स्नान, व्रत, अनुष्ठान, पूजन, हवन, यज्ञ, वेद पाठ, अभिषेक, दान आदि का विशेष महत्व है। ऐसी भी मान्यता है कि इस तारीख से दिन रोज तिल भर बढ़ने लगते हैं, इसलिए इसे तिल संक्रांति के रूप में भी मनाया जाता है। दरअसल, सूर्य नारायण बारह राशियों में एक-एक माह विराजते हैं, जब भास्कर देव कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक,और धनु राशि में रहते हैं तो इस काल को दक्षिणायन कहते हैं इसके बाद सूर्य नारायण मकर, कुंभ, मीन, मेष, वृष और मिथुन राशि में क्रमशः एक-एक माह रहते हैं इसे ही उत्तरायण कहते हैं और जिस दिन भगवान सूर्य उत्तरायण होते हैं तो उस तिथि को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है इस दिन सूर्य नारायण मकर राशि में प्रवेश करते हैं।



ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि मकर संक्रांति पर भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाया करते हैं। शनिदेव चूंकि मकर राशि के स्वामी हैं, अतः इस दिन को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। मकर संक्रांति के दिन ही गंगाजी भागीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होकर सागर में जा उनसे मिली थीं। यह भी कहा जाता है कि गंगा को धरती पर लाने वाले महाराज भगीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए इस दिन तर्पण किया था। उनका तर्पण स्वीकार करने के बाद इस दिन गंगा समुद्र में जाकर मिल गई थी। इसलिए मकर संक्रांति पर गंगा सागर में मेला लगता है।

महाभारत काल के महान योद्धा भीष्म पितामह ने भी अपनी देह त्यागने के लिए मकर संक्रांति का ही चयन किया था।

उत्तर भारत में इसे खिचड़ी आदि खाकर मनाया जाता है जबकि गुजरात में यह पर्व पतंगोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार इस पर्व के पकवान भी अलग-अलग होते हैं, लेकिन दाल और चावल की खिचड़ी इस पर्व की प्रमुख पहचान बन चुकी है। विशेष रूप से गुड़ और घी के साथ खिचड़ी खाने का महत्व है। इसीलिए उत्तर भारत में इस पर्व को 'खिचड़ी 'के नाम से भी जाना जाता है इसके अलावा तिल और गुड़ का भी मकर संक्राति पर बेहद महत्व है। मकर संक्रांति पर दान का बहुत महत्व है। विशेषकर इस दिन तिल, खिचड़ी, गुड़ एवं कंबल दान करने का महत्व है ।

**महापुण्य काल मुहूर्त 2025**

पंचांग के अनुसार मकर संक्रांति पर महापुण्य काल का मुहूर्त सुबह 08 बजकर 40 मिनट से 09 बजकर 04 मिनट तक रहेगा।



### राशि के अनुसार दान

**मेष** - जल में पीले पुष्प, हल्दी, तिल मिलाकर अर्घ्य दें। तिल-गुड़ का दान करें।
**वृष** - जल में सफेद चंदन, दूध, श्वेत पुष्प, तिल डालकर सूर्य को अर्घ्य दें। खिचड़ी का दान करें ।
**मिथुन** - जल में तिल डालकर सूर्य को अर्घ्य दें। मूंग की दाल की खिचड़ी दान करें।
**कर्क**- जल में दूध, चावल, तिल मिलाकर सूर्य को अर्घ्य दें। संकटों से मुक्ति मिलेगी। गुड़, तिल दान करें।
**सिंह**- जल में कुमकुम तथा रक्त पुष्प, तिल डालकर सूर्य को अर्घ्य दें।गुड़, तिल दान करें।
**कन्या**- जल में तिल, दूर्वा, पुष्प डालकर सूर्य को अर्घ्य दें। मूंग की दाल की खिचड़ी बनाकर दान करें। गाय को चारा दें।
**तुला**- सफेद चंदन, दूध, चावल का दान दें। सफेद चंदन मिलाकर सूर्य को अर्घ्य दें ।
**वृश्चिक**- जल में कुमकुम, रक्तपुष्प तथा तिल मिलाकर सूर्य को अर्घ्य दें। गुड़ का दान दें।
**धनु**- जल में हल्दी, केसर, पीले पुष्प मिलाकर सूर्य को अर्घ्य दें। गुड़ दान करें।
**मकर**- जल में नीले पुष्प, तिल मिलाकर सूर्य को अर्घ्य दें। काले तिल, उड़द की दाल की खिचड़ी दान करें।
**कुंभ**- जल में नीले पुष्प, तिल मिलाकर सूर्य को अर्घ्य दें। उड़द, तिल का दान करें।
**मीन**- हल्दी, केसर, पीले फूल के साथ तिल मिलाकर सूर्य को अर्घ्य दें। तिल, गुड़ का दान करें ।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्या कॉपी है 'मोआना'? जानें किसने ठोका डिज्नी पर करोड़ों डॉलर का मुकदमा



डिज्नी पर एनीमेशन फिल्म 'मोआना' और उसके सीक्वल के विचार चोरी करने के आरोप लगे हैं। एनिमेटर बक वुडल ने एक मुकदमा दायर किया है। दावे के मुताबिक डिज्नी ने उनकी स्क्रिप्ट 'बकी' से कई विचार चुराए हैं। यह फिल्म प्राचीन पोलिनेशियाई गांव के किशोरों की साहसिक यात्रा पर आधारित है, जिसमें वे अपने घरों को बचाने के लिए खतरनाक एडवेंचर्स पर जाते हैं। यह कहानी 'मोआना' की कहानी से मिलती-जुलती है। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार वुडल ने कैलिफोर्निया के एक संघीय न्यायालय में यह मुकदमा दायर किया है। वुडल के मुताबिक उन्होंने अपनी फिल्म की पटकथा और ट्रेलर जेनी मार्चिक को मुहैया कराए थे। उस समय वह मैंडविल फिल्म्स में निदेशक थीं। मौजूदा समय में वह ड्रीमवर्क्स एनिमेशन के साथ हैं। मुकदमे में यह आरोप लगाया गया है कि डिज्नी ने मोआना का निर्माण करते समय वुडल के विचारों का उपयोग किया, जो उन्होंने 17 सालों तक विकसित किए थे। विशेष रूप से वुडल ने दावा किया कि मोआना में एक दृश्य, जिसमें एक खतरनाक समुद्री पोर्टल है, उसे सीधे उनके द्वारा विकसित किए गए कंटेंट से लिया गया है। वुडल ने पहले भी मोआना फिल्म के पहले संस्करण को लेकर एक मुकदमा दायर किया था, जिसे पिछले साल खारिज कर दिया गया था। लेकिन अब, मोआना 2 के रिलीज होने के बाद उन्होंने एक बार फिर से कानूनी कार्रवाई का रास्ता अपनाया है।

### टॉलीवुड

## ट्रोल होकर भी नहीं सुधरे नंदमुरी, खुलेआम फिर दोहराया उर्वशी के साथ वही अश्लील स्टेप



नंदमुरी बालकृष्ण और उर्वशी रौतेला हाल ही में अपनी फिल्म 'डाकू महाराज' की सफलता का जश्न मनाते नजर आए। दोनों फिल्म की सक्सेस पार्टी में डांस करते दिखे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दोनों फिल्म के गाने दाबिड़ी-दीबिड़ी पर वही स्टेप करते नजर आए, जिसे लेकर वह ट्रोल हो चुके हैं। शेखर मास्टर द्वारा की गई 'अश्लील' कोरियोग्राफी के कारण इस गाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। नेटिजन्स ने इसकी जमकर आलोचना भी की थी। एक बार फिर यूजर्स ने वही स्टेप दोहराने के बाद अभिनेता की आलोचना की है। यह वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर आया, यूजर्स ने अभिनेता की इस हरकत पर उनकी आलोचना करनी शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा, '64 साल के अंकल'। एक और सोशल मीडिया यूजर ने उर्वशी के लिए लिखा, 'वह साफ तौर पर असहज हैं', एक अन्य ने लिखा, हे भगवान, उर्वशी कितनी असहज दिख रही हैं, इसे कोई रोकता क्यों नहीं? इससे पहले जब फिल्म का गाना दाबिड़ी दीबिड़ी रिलीज हुआ था, तो इसके अश्लील स्टेप्स को लेकर नंदमुरी और उर्वशी ट्रोल हो चुके हैं। नेटिजन्स ने सोशल मीडिया पर खूब खरी-खोटी सुनाई थी। यहां तक की कुछ यूजर्स ने गाने को हटाने तक की मांग कर डाली थी। यूजर्स ने इस गाने को शर्मनाक बताया था।

### भोजपुरी

## आम्रपाली दुबे को ड्रीम गर्ल मानते हैं निरहुआ



निरहुआ ने आम्रपाली दुबे के बर्थडे पर उनके लिए इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में निरहुआ ने एक्ट्रेस के साथ बिताए खास पलों की झलकियां दिखाई हैं। वीडियो में एक्टर की आम्रपाली के साथ कई रोमांटिक फोटोज भी शामिल हैं जिनमें वे एक्ट्रेस को गले लगाते या फिर प्यार भरी नजरों से निहारते दिख रहे हैं। इस स्पेशल वीडियो के साथ निरहुआ ने कैप्शन में लिखा- 'हैप्पी बर्थडे ड्रीम गर्ल।' आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ ने एक साथ अनगिनत भोजपुरी फिल्मों में काम किया है। दोनों स्टार्स 'निरहुआ हिंदुस्तानी', 'निरहुआ चलल ससुराल 2', 'आशिक आवारा', 'फसल', 'राम लखन', 'राजा बाबू', 'सिपाही' और 'मोकामा जीरो किलोमीटर' जैसी फिल्मों में एक साथ दिखाई दिए. दोनों की ऑनस्क्रीन जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आती है। दिनेश लाल यादव के अलावा आम्रपाली दुबे को कई दूसरे भोजपुरी सितारों ने भी जन्मदिन की बधाई दी है। प्रदीप पांडे चिंटू ने एक्ट्रेस के साथ एक तस्वीर पोस्ट की है और इसके साथ लिखा है- 'आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं हमारी नागिन, हमेशा खुश रहिए, मस्त रहिए और ऐसे ही छाए रहिए।' इसके अलावा यश कुमार, संचिता बनर्जी, अवधेश मिश्रा, रितेश पांडे, अरविंद अकेला कल्लू, स्मृति सिंहा और मधु सिंहा ने भी पोस्ट कर आम्रपाली दुबे को बर्थडे विश किया है।

## ट्रेंड में रहे इन एक्ट्रेस के ये साड़ी

लाइफ स्टाइल



बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां शानदार साड़ी पहनावे के ज़रिए अपनी अनूठी शख्सियत और फ़ैशन सेंस को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। जान्हवी कपूर, सुहाना खान, आलया भट्ट, श्रद्धा कपूर सहित कुछ अन्य अभिनेत्रियों ने शानदार साड़ी पहनावे के माध्यम से अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और फैशन सेंस का प्रदर्शन किया है। ख़ुशी कपूर ने सफ़ेद बेस वाली एक खूबसूरत कांजीवरम सिल्क साड़ी पहनी थी। जिस पर बैंगनी रंग के लहजे के साथ एक भारी सुनहरा कढ़ाई वाला बॉर्डर था। अपने लुक को पूरा करने के लिए, उन्होंने साड़ी को गहरे बैंगनी रंग के ब्लाउज़ के साथ जोड़ा जो उनके पहनावे को खूबसूरती से पूरक बना रहा था। जान्हवी कपूर ने 'क्रिकेट बॉल साड़ी' से सुर्खियां बटोरीं।

## मुंहासों से हैं परेशान तो एक बार ये नुस्खे आजमा कर देख लें, एक हफ्ते में मिलेगी राहत

मुंहासे त्वचा की एक ऐसी आम समस्या है, जो अक्सर किशोरावस्था में हार्मोनल बदलाव, गलत खानपान, तनाव या त्वचा की देखभाल की गलत आदतों के कारण होती है। मुंहासे मुख्य रूप से चेहरे पर होते हैं, और यह आपकी त्वचा पर दाग-धब्बे छोड़ सकते हैं। अगर आप गलत स्किन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं या त्वचा को ज्यादा रगड़ते हैं, तो यह मुंहासों का कारण बन सकता है। कभी-कभी, मुंहासे जेनेटिक कारणों से भी हो सकते हैं, यानी परिवार में किसी और को भी यह समस्या हो सकती है।

मुंहासों की समस्या अस्थायी होती है, और सही देखभाल और उपचार से यह हल हो सकती है। यदि आप भी इस परेशानी से काफी परेशान रहते हैं, तो हम यहां आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से ये परेशानी कम हो सकती है। यदि मुंहासे बहुत गंभीर हैं और घर के उपायों से ठीक नहीं हो रहे, तो त्वचा विशेषज्ञ से संपर्क करें।



### एलोवेरा जेल

यदि आपके चेहरे पर बार-बार मुंहासे निकल रहे हैं तो ताजा एलोवेरा जेल को मुंहासों पर लगाएं और 20-30 मिनट बाद धो लें। इसमें एंटीबैक्टीरियल और सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो त्वचा को शांत करते हैं।

### नीम की पत्तियां

यदि आपके घर के पास नीम का पेड़ है तो नीम की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बनाएं और इसे मुंहासों पर लगाएं। नीम एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर है, जो बैक्टीरिया को खत्म करता है।

### शहद और दालचीनी का पेस्ट

1 चम्मच शहद में 1/2 चम्मच दालचीनी पाउडर मिलाकर मुंहासों पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। दालचीनी और शहद स्किन को साफ करता है और मुंहासों को जल्दी सुखाता है।

### हल्दी और चंदन का पेस्ट

हल्दी में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं और चंदन त्वचा को ठंडक देता है। ऐसे में आप हल्दी और चंदन पाउडर को गुलाबजल के साथ मिलाकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। इससे भी आपको फायदा अवश्य मिलेगा।

### टी ट्री ऑयल

1-2 बूंदें टी ट्री ऑयल को नारियल तेल में मिलाकर मुंहासों पर लगाएं। ये चेहरे की बैक्टीरिया को मारने में मदद करेगा, जिससे मुंहासों में कमी आती है। टी ट्री ऑयल इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें कि इसे आप सीधा नहीं लगा सकते, वरना इससे इंफेक्शन का खतरा रहता है।

### नींबू का रस

नींबू का ताजा रस कॉटन की मदद से मुंहासों पर लगाएं। 10 मिनट बाद धो लें। इसमें मौजूद साइट्रिक एसिड त्वचा को साफ करता है और बैक्टीरिया को खत्म करता है। इन नुस्खों को नियमित अपनाने से आपके मुंहासे कम हो सकते हैं और त्वचा साफ और स्वस्थ दिखेगी।

## पोंगल पर पहनें ऐसी सिल्क की साड़ी जिससे लुक दिखे गजब का

फैशन



पोंगल एक ऐसा त्योहार है, जिसे दक्षिण भारत के कई राज्यों में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। चार दिन चलने वाले इस पर्व की शुरुआत मकर संक्रांति से होती है। इस साल मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाएगी। ऐसे में पोंगल 14 जनवरी, मंगलवार से शुरू होगा और चार दिनों तक जारी रहेगा, जिसका समापन 17 जनवरी शुक्रवार को होगा। ये त्योहार मुख्य रूप से तमिल लोग मनाते हैं।

पोंगल तमिल संस्कृति और कृषि परंपराओं का प्रतीक है और इसे बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसलिए इस दिन महिलाएं खूब अच्छे से तैयार होती हैं। इस दिन सिल्क की साड़ी पहनी जा सकती है। ऐसे में हम आपको यहां सिल्क की साड़ी का लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप पोंगल के लिए खरीदारी कर सकती हैं।

**कांजीवरम सिल्क साड़ी :** कांजीवरम साड़ियां अपनी समृद्ध बनावट और परंपरागत डिजाइनों के लिए प्रसिद्ध हैं। यह पोंगल जैसे खास अवसर पर एकदम उपयुक्त है। इन साड़ियों पर गोल्डन जरी वर्क होता है, जो इसकी खूबसूरती को और बढ़ा देता है। इस तरह की कांजीवरम साड़ी खरीदने के लिए चमकीले रंग जैसे गहरा लाल, हरा, या नारंगी चुनें।

**पाट सिल्क साड़ी :** पाट सिल्क साड़ियां हल्की और आरामदायक होती हैं, जो दिनभर के उत्सवों के लिए आदर्श हैं। मिनिमल बॉर्डर और हल्के पैटर्न वाली साड़ियां, सफेद और गोल्डन रंग में पोंगल के लिए परफेक्ट रहेंगी।

**चेट्टीनाड सिल्क साड़ी :** चेट्टीनाड सिल्क साड़ी अपनी मोटी बॉर्डर और चमकीले रंग संयोजनों के लिए जानी जाती हैं। ये परंपरागत और स्टाइलिश लुक देती हैं। ऐसे में पोंगल के लिए आप ब्लॉक प्रिंट्स और चेक्ड डिजाइन वाली साड़ी चुनें और इसे पारंपरिक गहनों के साथ स्टाइल करें।

**उपाडा सिल्क साड़ी :** उपाडा सिल्क अपनी हल्की बनावट और शाही लुक के लिए मशहूर है। हल्के पेस्टल रंगों की साड़ियां, जिसमें कढ़ाई का काम हो, आपको सादगी और शान दोनों का एहसास देंगी।

**तमिल ब्राइडल सिल्क साड़ी :** पोंगल के लिए पारंपरिक तमिल स्टाइल की ब्राइडल साड़ी, जिसमें जरी का काम हो, ये त्योहार के महत्व को और बढ़ा देती है। इस तरह की साड़ी में गहरे रंग, जैसे मैरून, पर्पल, या नेवी ब्लू, गोल्डन जरी वर्क के साथ परफेक्ट दिखते हैं।

## सर्दी में भी फेसवॉश का करते हैं इस्तेमाल तो इसके नुकसान भी जान लें

सर्दी का मौसम चल रहा है। इस मौसम में हर किसी को अपनी त्वचा का ध्यान अलग से रखना पड़ता है। यदि त्वचा का सही से ध्यान न रखा जाए तो इसकी वजह से परेशानी बढ़ जाती है और चेहरा काफी डल दिखने लगता है। ऐसे में दिन-भर की धूल मिट्टी को चेहरे से हटाने के लिए लोग दिन में कई-कई बार फेसवॉश का इस्तेमाल करते हैं।

फेसवॉश त्वचा की सफाई के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण उत्पाद है। यह त्वचा से गंदगी, तेल, और मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है, लेकिन इसका सही चयन और उपयोग आवश्यक है, खासकर सर्दियों में।

यदि सर्दी के मौसम में आप गलत तरीके से इसका इस्तेमाल करेंगे तो आपकी त्वचा खिलने की जगह डल हो जाएगी। जो देखने में भी अजीब लगेगी। यहां हम आपको सर्दी में बार-बार फेसवॉश इस्तेमाल करने से होने वाले नुकसानों के बारे में बताने जा रहे हैं।



### त्वचा की नमी कम होना

ठंड के मौसम में त्वचा शुष्क हो जाती है। ऐसे में यदि आप फेसवॉश का बार-बार उपयोग करते हैं या ऐसा फेसवॉश चुनते हैं जो कठोर केमिकल्स से बना हो, तो यह त्वचा की प्राकृतिक नमी छीन लेता है, जिससे त्वचा खिंची-खिंची और असहज महसूस होती है।

### हो सकती है त्वचा में जलन और खुजली


फेसवॉश में मौजूद सल्फेट्स और अल्कोहल जैसे तत्व सर्दी के मौसम में त्वचा को अधिक संवेदनशील बना सकते हैं, जिससे खुजली और जलन हो सकती है। इसलिए इस्तेमाल से पहले इसमें पाए जाने वाले तत्वों के बारे में जान लें।

### ड्राई पैचेस और फ्लेकी स्किन

ठंडे मौसम में हार्श फेसवॉश का उपयोग त्वचा को अत्यधिक शुष्क बना सकता है, जिससे चेहरे पर रूखे धब्बे (ड्राई पैचेस) और फ्लेकी त्वचा हो सकती है। ऐसी त्वचा देखने में काफी अजीब लगती है।

## आंखों की सुंदरता बढ़ाएगा आईशैडो अगर इन तरीकों से करेंगी अप्लाई

मेकअप के इस्तेमाल से न सिर्फ खूबसूरती बढ़ती है, बल्कि इससे महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यही वजह है कि पार्टी में जाने से लेकर दफ्तर जाने तक के लिए अब महिलाएं मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। अगर मेकअप का इस्तेमाल सही से किया जाए तो ये लुक में चार चांद लगा देता है, वरना इसकी वजह से लुक बिगड़ भी सकता है। खासतौर पर जब बात होती है आई मेकअप की तो लड़कियों को ये सबसे कठिन लगता है। आई मेकअप में आईशैडो का इस्तेमाल काफी कठिन होता है। आईशैडो एक प्रकार का कॉस्मेटिक प्रोडक्ट है जिसे आंखों की पलकों पर लगाया जाता है ताकि आंखें और आकर्षक दिखें। यह अलग-अलग रंगों, टेक्सचर और फिनिश में उपलब्ध होता है।



**सही शेड का चयन करें :** अपनी स्किन टोन और आउटफिट के हिसाब से आईशैडो का शेड चुनें। हल्के और न्यूट्रल शेड्स दिन के लिए उपयुक्त हैं, जबकि गहरे और शाइनी शेड्स रात के लुक के लिए अच्छे होते हैं। हरे, नीले या किसी भी विशेष रंग का प्रयोग करते समय बैलेंस बनाए रखें।

**प्राइमर का इस्तेमाल करें :** यदि आप आईशैडो लगाने से पहले आंखों पर प्राइमर जरूर लगाएं। ये आईशैडो को लंबे समय तक टिकने और क्रीज से बचाने में मदद करता है। प्राइमर से शेड्स का रंग और ज्यादा उभरकर आता है।

**सही से करें ब्लेंड :** आईशैडो को अच्छे से ब्लेंड करें ताकि रंगों के बीच कोई हार्श लाइन न दिखे। ब्रश का सही उपयोग करें और हल्के हाथ से ब्लेंडिंग करें। अगर आप एक से ज्यादा शेड्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो उन्हें सही से मिक्स करें, ताकि वो अलग नहीं दिखें।

**आंखों की शेप का रखें ध्यान :** अपनी आंखों के शेप (बड़ी, छोटी, हुडेड, या डीप सेट) के अनुसार आईशैडो लगाएं। बाहरी कोनों को गहरा और अंदरूनी कोनों को हल्का रखें ताकि आंखें बड़ी और चमकदार लगें। स्मोकी लुक करते समय आंखों के बाहरी कोनों पर खास ध्यान दें।

कार्नर न्यूज

**बूट्स न सिर्फ स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं, बल्कि इसे पहनने के बाद सर्दी से भी बचाव होता है**

## बूट खरीदते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना लुक खराब होने के साथ ही होंगी परेशान

सर्दी का मौसम चल रहा है। ऐसे में महिलाओं और लड़कियों को अपने स्टाइल का ध्यान रखने के साथ-साथ इस बात पर भी ध्यान देना होता है कि कहीं उन्हें सर्दी न लग जाए। इसी के चलते महिलाएं पैरों में साधारण जूतों की जगह बूट्स पहनना पसंद करती हैं। बूट्स न सिर्फ स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं, बल्कि इसे पहनने के बाद सर्दी से भी बचाव होता है। यही वजह है कि हर महिला के पास एक बूट्स तो अवश्य ही होने चाहिए। ये विभिन्न डिजाइनों और जगह के हिसाब उपलब्ध होते हैं, जैसे सर्दियों से बचाव, ट्रैकिंग, औपचारिक अवसरों या दैनिक पहनावे के लिए। ऐसे में यदि आप बूट्स खरीदने का प्लान कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप अपने लुक को स्टाइलिश भी बना सकती हैं।



### सही हो शेप जिससे तकलीफ न हो

बूट का आकार आपके पैरों के अनुसार होना चाहिए। बहुत तंग या बहुत ढीला बूट न खरीदें, क्योंकि इससे पैरों में तकलीफ हो सकती है। बूट पहनने के बाद थोड़ी देर पैदल चलकर देखें कि कहीं कोई दबाव तो महसूस नहीं हो रहा।

### होना चाहिए आरामदायक

बूट खरीदते समय आरामदायकता को प्राथमिकता दें। इसे पहनकर थोड़ी देर चलकर देखें कि कहीं बूट में असुविधा तो नहीं हो रही। अगर आप लंबी दूरी तक चलने या खड़े रहने वाले हैं तो आरामदायक इन्सोल और पैडिंग वाली बूट का चुनाव करें।

### सही हो क्वालिटी

अच्छे गुणवत्ता वाले बूट अधिक टिकाऊ होते हैं और उनकी कीमत थोड़ी अधिक हो सकती है, लेकिन यह लंबी अवधि में आपके लिए फायदेमंद साबित होते हैं। ऐसे में बूट खरीदते समय बूट के बाहरी भाग की सामग्री को देखें। लेदर, नाइलॉन या सिंथेटिक फाइबर से बने बूट अधिक टिकाऊ होते हैं।



### मौसम का रखें ध्यान

यदि आप बरसात या सर्दी में बूट पहनने की योजना बना रहे हैं तो वाटरप्रूफ या विंटर बूट चुनें। ये आपको ठंड और पानी से बचाएंगे। गर्मियों के लिए हल्के और वेंटिलेटेड बूट अच्छे रहते हैं, जो हवा को गुजरने देते हैं।

### सही हो स्टाइल

बूट का स्टाइल आपके व्यक्तिगत फैशन और जरूरतों के आधार पर होना चाहिए। अगर आपको पहाड़ी इलाकों में ट्रैकिंग करनी है, तो हाइकिंग बूट लें, जबकि ऑफिस या कैजुअल पहनने के लिए चेल्सी बूट या लॉन्ग बूट्स अच्छे रहते हैं।

### सोल की गुणवत्ता देखें

बूट खरीदते समय बूट के सोल (तल) को अच्छे से जांचें। यदि सोल में अच्छा ग्रिप हो, तो यह फिसलने से बचाएगा। अगर आप ट्रैकिंग या एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए बूट खरीद रहे हैं तो गहरे ट्रैक्स वाले सोल वाले बूट लें, जो मजबूत और टिकाऊ होते हैं।